# हरियाणा विधान सभा

की

# कार्यवाही

16 मार्च, 2010

खण्ड 1, अंक 8

अधिकृत विवरण

Haryana Vidhan Sabha Sectt.
LIBRARY
Chandigarh

## विषय सूची

मंगलवार, 16 मार्च, 2010

पृष्ठ संख्या


| | |
|---|---|
| तारांकित प्रश्न एवं उत्तर | (8)1 |
| नियम 45(1) के अधीन सदन की मेज पर रखे गए तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर | (8)25 |
| ध्यानाकर्षण प्रस्तावों की सूचनाएं | (8)31 |
| श्री ओम प्रकाश चौटाला, एम०एल०ए० के विरुद्ध अभिकथित विशेषाधिकार भंग का प्रश्न | (8)32 |
| वाक आउट | (8)35 |
| नियम 15 के अधीन प्रस्ताव | (8)35 |
| नियम 16 के अधीन प्रस्ताव | (8)36 |
| सदन की मेज पर रखे गए कागज-पत्र | (8)36 |
| समितियों की रिपोर्ट्ज प्रस्तुत करना | (8)38 |
| (i) पब्लिक अकाउंटस कमेटी की 64वीं रिपोर्ट | |
| (ii) पब्लिक अंडरटेकिंग्ज़ कमेटी की 56वीं रिपोर्ट | |
| (iii) वैल्फेयर ऑफ शिडयूल्ड कॉस्टस, शिडयूल्ड ट्राईब्ज एंड बैकवर्ड क्लासिज कमेटी की 33वीं रिपोर्ट | |
| (iv) गवर्नमैंट एश्योरैंसिज कमेटी की 39वीं रिपोर्ट | |


मूल्य :

विधान कार्य– (8)39

(i) दि हरियाणा एप्रोप्रिएशन (नं० 1) बिल, 2010

(ii) दि हरियाणा एप्रोप्रिएशन (नं० 2) बिल, 2010

(iii) दि इस्ट पंजाब वार अवार्ड (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 2010

(iv) दि पंजाब शिडयूल्ड रोड्ज एंड कंट्रोल्ड एरियाज़ रिस्ट्रिक्शन आफ अनरैगुलेटेड डिवैल्पमैंट (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 2010

(v) दि हरियाणा फिस्कल रिसपौंसिबिलिटी एंड बजट मैनेजमैंट (अमैंडमैंट) बिल, 2010

(vi) दि हरियाणा स्पेशल इकनोमिक जोन (अमैंडमैंट) बिल, 2010

वाक आउट (8)61

(vi) दि हरियाणा स्पेशल इकनोमिक जोन (अमैंडमैंट) बिल, 2010 (पुनरारम्भण)

(vii) दि हरियाणा वैल्यू ऐडिड टैक्स (अमैंडमैंट) बिल, 2010

वाक आउट (8)65

(vii) दि हरियाणा वैल्यू ऐडिड टैक्स (अमैंडमैंट) बिल, 2010 (पुनरारम्भण)

(viii) दि हरियाणा दोहलीदार, बुटीमार, भौंडेदार, एंड मुकररीदार (वैस्टिंग ऑफ प्रोपराइटरी राईट्स) बिल, 2010

(ix) दि हरियाणा प्राईवेट यूनिवर्सिटीस (अमैंडमैंट) बिल, 2010

(x) लाला लाजपत राय यूनिवर्सिटी ऑफ वेटेनरी एंड एनीमल साईंस हिसार बिल, 2010

(xi) दि हरियाणा इवक्यू प्रोपर्टीज (मैनेजमैंट एंड डिसपोजल) अमैंडमैंट बिल, 2010

सरकारी संकल्प (8)78

# हरियाणा विधान सभा

## मंगलवार, 16 मार्च, 2010

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर-1, चण्डीगढ़ में सुबह 10.00 बजे हुई। अध्यक्ष (सरदार हरमोहिन्द्र सिंह चट्ठा) ने अध्यक्षता की।

---

## तारांकित प्रश्न एवं उत्तर

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members, now, the question hour starts.

**Opening of Medical College**

***131. Smt. Sumita Singh :** Will the Health Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to open a Medical College, at Karnal ; if so, the details thereof ?

**Education Minister (Smt. Geeta Bhukkal Matanhail) :** Yes, Sir. A medical college is being set up in the memory of Kalpana Chawla. Steps are being taken to work out the details of the Project.

**श्रीमती सुमिता सिंह :** अध्यक्ष महोदय, करनाल में जो कल्पना चावला नाम के मैडीकल कालेज की अनाउंसमैंट की गई है उसके लिए मैं मुख्यमंत्री महोदय का धन्यवाद करना चाहूंगी। अध्यक्ष महोदय, इन्होंने कहा है कि 'Steps are being taken to work out the details of the project'. I want to know how long time it will take to work out the details of the Project ?

**Smt. Geeta Bhukkal Matanhail :** Speaker Sir, I would like to tell my Hon'ble Member that health services and medical education has been the priority of our Government. A Medical College is being set up by the State Government at Karnal in the memory of Kalpana Chawla, the astronaut, who made India proud. Kalpana Chawla was not only the daughter of Karnal or Haryana but also she was the proud of whole India. The Hon'ble Prime Minister, on his visit to Panipat on 5.4.2006, made an announcement that the Government will explore the possibility of establishing a Medical College in the memory of Kalpana Chawla at Karnal. Since 2006, the matter was under correspondence for seeking financial grant from Government of India and NASA. However, Government of India stated that there was no scheme under which a Medical College could be established. The Chief Minister, Haryana announced in Jhajjar for the establishment of a Medical College at Karnal on 26th January, 2010 on the eve of Republic Day. At present, Karnal has a 200-bedded hospital which will be upgraded into 300-bedded hospital with

[श्रीमती गीता भुक्कल, मातनहेल]
teaching block for the Medical College. This District Hospital is located in 18.05 acres of land in which the building of the 200-bedded hospital, residences and a few offices have been provided. As per the requirements of Medical Council of India (MCI), 20 acres of land are required for setting up a Medical College. There is availability of land adjacent to the hospital which belongs to the Home Department and being used as Police Lines and the Jail. The land belonging to the Police lines, which is 20 acres, 5 kanals and 4 marlas, will be transferred to Health department for construction of the Medical College, as it is adjacent to the hospital and will provide ample area for development of the Medical College. The Home Department has been asked to take immediate steps to transfer the land to Health Department. The construction and other activities for setting up the Medical College at Karnal are being entrusted to the National Buildings Construction Corporation Ltd. (NBCC). The approach road to the Hospital from the old GT road will be widened and strengthened. Mr. Speaker Sir, the National Building Construction Corporation Ltd. (NBCC) was requested to make an estimate for construction cost of Teaching Block, additional hospital building and an administrative block along with a hostel building. According to the latest figure of NBCC, the rough cost estimates for the Medical College of 50 seats will be about Rs. 200 crores in phase 1. In the phase-1, it is proposed to construct the Administrative block, teaching block and hostel for boys and girls of the Medical College and upgrade the hospital. We have already sent the proposal to Finance Department for making provision of funds in the year 2010-11.

**श्री राम पाल माजरा :** अध्यक्ष महोदय, कैथल में मल्टी स्पैशलिटी होस्पिटल बन रहा है इसके लिए मैं पार्लियामैंट्री अफेयर्ज मिनिस्टर का और माननीय मुख्यमंत्री महोदय का आभारी हूँ। जो पुराना होस्पिटल है उसकी बिल्डिंग बहुत अच्छी है, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से पूछना चाहूंगा कि क्या उस बिल्डिंग में नर्सिंग का कालेज या कोई और ट्रेनिंग कालेज खोलने का कोई प्रस्ताव है?

**श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल :** अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने कैथल होस्पिटल के बारे में पूछा है। मैं उनको बताना चाहूंगी कि मल्टी स्पैशलिटी होस्पिटल का कार्य बहुत स्पीड से चल रहा है और जो पुरानी बिल्डिंग कैथल के जनरल होस्पिटल की है वह वाकई में अच्छी कंडीशन में है और उसमें नर्सिंग कालेज चलाने की अभी कोई भी प्रपोजल सरकार के विचाराधीन नहीं है लेकिन उस बिल्डिंग को जरूरी मैडीकल सर्विसिज के लिए इस्तेमाल करेंगे।

**लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला) :** अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य और सदन की जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि कैथल में पुराना होस्पिटल भी चालू रहेगा। Now, two hospitals will serve the district. माननीय सदस्य का हल्का भी वहीं लगता है इसलिए वहां पर दो अस्पतालों की जरूरत भी है।

---

## Number of Seats Available for Students

***9. Sh. Ram Pal Majra :** Will the Technical Education & Industrial Training Minister be pleased to state the number of Engineering Colleges, Polytechnical Colleges and Institute of M.B.A., M.C.A. and B. Pharmacy in the State togetherwith the number of seats available for the students in different courses?

**PWD (B&R) Minister (Sh. Randeep Singh Surjewala) :** Sir, the information is placed on the Table of the House. The statement of number of Engineering Colleges, Polytechnic Colleges, and Institute of M.B.A., M.C.A. and B. Pharmacy in the State togetherwith the number of seats available for the students in different courses is annexed.

**Annexure**

| Sr. No. | Institution | Number | Seats | Course | Intake |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Engineering Colleges | 141 | 44705 | Agriculture Engg. | 45 |
| | | | | Electronics & Communication Engg. | 11940 |
| | | | | Information Technology | 6390 |
| | | | | Computer Science & Engg. | 12030 |
| | | | | Mechanical Engg. | 8780 |
| | | | | Civil Engg. | 1920 |
| | | | | Bio-Tech. | 210 |
| | | | | Bio-Medical | 180 |
| | | | | Electrical Engg. | 1380 |
| | | | | Electronics & Instrumentation Engg. | 60 |
| | | | | Food Engg. | 120 |
| | | | | Packaging Technology | 60 |
| | | | | Printing Technology | 90 |
| | | | | Printing Graphics & Packaging | 30 |
| | | | | Instrumentation Engg. | 180 |
| | | | | Chemical Engg. | 120 |
| | | | | Electrical & Electronics Engg. | 1080 |

[श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला]

| Sr. No. | Institution | Number | Seats | Course | Intake |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Fashion Technology | 60 |
| | | | | Fashion & Apparel Engg. | 30 |
| | | | | **Total** | **44705** |
| 2 | Polytechnic Colleges | 151 | 49875 | Agriculture Engg. | 120 |
| | | | | Applied Art & Craft | 120 |
| | | | | Architecture | 280 |
| | | | | Automobile Engg. | 1000 |
| | | | | Ceramic Engg. | 240 |
| | | | | Chemical Engg. | 140 |
| | | | | Chemical Pulp & Paper Engg. | 60 |
| | | | | Civil Engg. | 7470 |
| | | | | Computer Engg. | 8590 |
| | | | | Electrical Engg. | 6160 |
| | | | | Electronics Engg. | 9090 |
| | | | | Fashion Design | 240 |
| | | | | Fashion Technology | 223 |
| | | | | Food Technology | 60 |
| | | | | Hotel Mgmt. | 160 |
| | | | | Instrumentation & Control | 330 |
| | | | | Industrial & Personal Management | 60 |
| | | | | Information Technology | 280 |
| | | | | Library & Information Science | 160 |
| | | | | Mechatronics | 360 |
| | | | | Mechanical Engg. | 9800 |
| | | | | Mechanical Tool & Die | 720 |
| | | | | Mechanical Engg. (Foundary) | 60 |

| Sr. No. | Institution | Number | Seats | Course | Intake |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Mechanical Engg. (Metallurgy & Material | 60 |
| | | | | Medical Electronics | 120 |
| | | | | Medical Lab Technology | 450 |
| | | | | Office Management & Computer Application | 443 |
| | | | | Pharmacy | 1180 |
| | | | | Plastic Engg. | 180 |
| | | | | Production Engg. | 660 |
| | | | | Textile Design | 240 |
| | | | | Text Processing | 240 |
| | | | | Textile Technology | 280 |
| | | | | Diploma in Business Management (Sales) | 360 |
| | | | | Diploma in Business Management (Retail) | 300 |
| | | | | Diploma in Business Management (Travel) | 210 |
| | | | | Accounts & Audit | 1050 |
| | | | | Electronics & Instrumentation | 60 |
| | | | | General Engg. | 120 |
| | | | | Mechanical (CAD/CAM) | 120 |
| | | | | Mechanical CNC | 60 |
| | | | | Civil Engg. (Construction Management) | 60 |
| | | | | Civil Engg. (Brick Technology) | 60 |
| | | | | Diploma in Printing Technology | 120 |
| | | | | Diploma in Packaging | 120 |

[श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला]

| Sr. No. | Institution | Number | Seats | Course | Intake |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Technology | |
| | | | | **Total** | **49875** |
| 3 | MBA Colleges | 157 | 12605 | MBA | 12605 |
| 4 | MCA Colleges | 54 | 3240 | MCA | 3240 |
| 5 | B. Pharmacy Colleges | 32 | 1905 | B. Pharmacy | 1905 |
| | **Total** | **535** | **112330** | | |

अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से माननीय सदस्य और सदन की जानकारी के लिए केवल मात्र एक जानकारी यह भी देना चाहूंगा कि वर्ष 2005-06 में जब कांग्रेस की सरकार आई उस समय पूरे स्टेट में इन सब कैटेगरीज के केवल 154 इन्स्टीच्यूट्स थे जिनमें 27142 सीट्स अवेलेबल थी। अध्यक्ष महोदय, चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी की सरकार की तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने की विशेष प्राथमिकता है इसलिए पांच साल के बाद हम फख्र से कह सकते हैं कि आज प्रदेश में 546 इन्स्टीच्यूट्स हैं जिनमें 1,12,910 सीट्स अवेलेबल हैं। इन फिगर्ज से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पिछले पांच साल में कितने इन्स्टीच्यूट्स और कितनी सीट्स तकनीकी शिक्षा में बढ़ी हैं?

**श्री राम पाल माजरा :** अध्यक्ष महोदय, साधनहीन और मध्यम वर्गीय प्रतिभाओं का पैसे की कमी के चलते एडमिशन नहीं होता। इन व्यावसायिक पाठ्यक्रमों वाले जितने भी निजी संस्थान हैं वे प्रवेश के लिए इच्छुक छात्रों को मनपसंद सीट पर दाखिला देने की ऐवज में डोनेशन और कैपीटेशन फी के रूप में मोटी राशि वसूल करते हैं। क्या मंत्री महोदय यह बतायेंगे कि इस प्रकार की संस्थाओं के खिलाफ कोई एक्शन लेंगे जिसके ऊपर 2003 में सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने रिमार्क्स दिए हैं?

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य के प्रश्न के दो हिस्से हैं। अध्यक्ष महोदय, जहां तक इन सभी इन्स्टीच्यूट्स की फीस का प्रश्न है इस बारे में माननीय सदस्य को भी और आपको भी मालूम है तथा मैं आपकी अनुमति से पूरे सदन को भी बताना चाहूंगा कि फीस के बारे में इस्लामिक एकेडमी ऑफ एजुकेशन के केस में जो उच्चतम न्यायालय का निर्णय "Others V/s State of Karnataka" है उसी के मुताबिक पूरे हिंदुस्तान में टैक्नीकल इन्स्टीच्यूट्स की फीस गवर्न होती है। इसके अतिरिक्त हर स्टेट में चीफ जस्टिस के द्वारा निर्धारित एक रिटायर्ड हाई कोर्ट जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाई हुई है जिसमें आल इण्डिया काउंसिल फार टैक्नीकल एजूकेशन का मैंबर भी होता है।

**श्री राम पाल माजरा :** अध्यक्ष महोदय, जो संस्थाएं डोनेशन लेती हैं मैंने उनके बारे में प्रश्न पूछा है।

**Shri Randeep Singh Surjewala** : Sir, I am just coming to that point. How fee is to be decided ? इन्होंने यह भी कहा कि जो गरीब बच्चे हैं उनको इन इन्स्टीच्यूट्स में दाखिला लेने में समस्या रहती है। अध्यक्ष महोदय, इस बारे में मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि सरकार ने एक डिटेल्ड स्कीम बना रखी है for reimbursement of tuition fee to SC students. इस स्कीम की डिटेल्ज मेरे पास हैं जो कि बहुत लम्बी हैं, यदि मैं इनको पढूंगा तो बहुत समय लगेगा। मैं यह भी बताना चाहूंगा कि हमारी सरकार ने 414.50 लाख रुपये हरियाणा स्टेट काउंसलिंग सोसायटी के माध्यम से वर्ष 2008-09 के अंदर दिए हैं। इसके अलावा ए०आई०सी०टी०ई० इम्पलीमैंटिड ट्यूशन फी वेवर स्कीम भी है जिसमें 6 हजार सीट्स हैं। जो टोपर स्टुडैंटस हैं उनको अलग से पैसा दिया जाता है। In case of diploma जो गर्ल्ज स्टुडैंटस हैं उनके लिए 20 हजार रुपये तक की ट्यूशन फी की एग्जैम्पशन है in case of B.E. & B. Tech 40 हजार रुपये तक की ट्यूशन फी की एग्जैम्पशन है। Speaker Sir, for Scheduled Caste students, 2008-09 में जिनके पैरैंट्स की इनकम 2.40 लाख रुपये से कम है उनकी सारी ट्यूशन फी हरियाणा सरकार द्वारा रिफंड की गई है। इसी तरह से 2009-10 में हमने यह क्राईटेरिया रिडयूस कर दिया है और जिन स्टुडैंट्स के पैरैंट्स की इनकम एक लाख से 2.40 लाख रुपये के बीच में है उनकी सारी फी सरकार रिफंड करेगी। अध्यक्ष महोदय, इस स्कीम का बहुत सारे छात्रों ने लाभ भी उठाया है जिसकी डिटेल मेरे पास है। जहां तक कैपीटीशन फी चार्ज करने की बात है इसको हम केस टू केस देखते हैं। आल इण्डिया काउंसिल फार टैक्नीकल एजूकेशन के रूल्ज इन सभी इन्स्टीच्यूट्स को गवर्न करते हैं। यदि कोई पार्टिकुलर इन्सटांस माननीय सदस्य हमारे नोटिस में लेकर आयेंगे तो हम ए०आई०सी०टी०ई० को इस बारे में लिखेंगे क्योंकि ए०आई०सी०टी०ई० इस केस में फाईनल आरबीट्रेरी अथारिटी है।

**श्री राम पाल माजरा** : स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि क्या टेक्नीकल एजूकेशन विभाग ने भविष्य में और टेक्नीकल संस्थान न खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार या अखिल भारतीय टेक्नीकल शिक्षा परिषद् को भेजा है?

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला** : स्पीकर सर, जैसा कि मैंने पहले भी बताया है कि all such technical institutes across India are governed by All India Council for Technical Education Act. It is the discretion of All India Council for Technical Education to grant or not to grant recognition upto 2007-2008, if I remember correctly. They used to take NOC from us i.e. from the State Government. Now, they have stopped taking NOC also. The Chief Minister himself is concerned about the raising number of under-graduate courses and institutes in the State. The Chief Minister has personally met the HRD Minister and he has raised this issue on behalf of the State Government कि अगर आप किसी प्रान्त के अंदर टेक्नीकल इंस्टीच्युट खोलना चाहते हैं तो फिर आपको उस प्रान्त से एन०ओ०सी० अवश्य लेना चाहिए परन्तु इस बारे में आल इण्डिया काऊंसिल फॉर टेक्नीकल एजूकेशन और एच०आर०डी० मिनिस्ट्री ने राष्ट्रीय स्तर पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है।

**श्री राम पाल माजरा** : स्पीकर सर, मैं मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि जिन

[श्री राम पाल माजरा]
टेक्नीकल संस्थानों ने टेक्नीकल संस्थान खोलने के लिए एप्लीकेशन दी हुई है और जो टेक्नीकल संस्थान पाईपलाईन में हैं, उनका क्या फेट होगा? स्पीकर सर, जिन कालेज अथॉरटीज़ द्वारा एडमिशन के समय विद्यार्थियों को तरह-तरह के सब्जबाग दिखाये जाते हैं लेकिन उनके कालेज सरकार द्वारा निर्धारित नॉर्म्ज जैसे फर्नीचर, स्टाफ, लैक्चरार, कम्प्यूटर और लाईब्रेरी इत्यादि पूरे नहीं करते क्या मंत्री जी उनके खिलाफ कोई एक्शन लेंगे?

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** स्पीकर सर, जैसा कि मैंने पहले ही बता दिया है कि पूरे देश के अंदर जितने भी टेक्नीकल इंस्टीच्यूट्स हैं वे All India Council for Technical Education Act के तहत गवर्न होते हैं। स्पीकर सर, इस कारण पूरे मुल्क के अंदर इनको डि-रिकोग्नाईज्ड करने का अधिकार स्टेट गवर्नमैंट्स को नहीं है। स्पीकर सर, इसके बावजूद भी अगर कहीं से हमें इस प्रकार की कोई शिकायत मिलती है तो स्टेट गवर्नमैंट का टेक्नीकल एजूकेशन डिपार्टमैंट ए०आई०सी०टी०ई० के साथ उस मामले को टेप-अप करता है। इसके साथ ही हम यह भी सुनिश्चित करते हैं कि वे या तो नॉर्म्ज पूरे करें या फिर ए०आई०सी०टी०ई० उनको डि-रिकोग्नाईज्ड करे।

---

### Pending Applicantion for Tubewell Connection

***105. Shri Krishan Lal Panwar :** Will the Power Minister be pleased to state—

(a) the number of pending applications for tubewell connections in the State ;

(b) whether these applicants are being paid interest on the amount deposited with the Power Utilities ; and

(c) the time by which the connections mentioned in part (a) above are likely to be released ?

**बिजली मंत्री (श्री महेन्द्र प्रताप सिंह) :**

(क) 31.01.2010 तक राज्य में नलकूप कनैक्शनों के लिए लम्बित पड़े आवेदनों की संख्या 70350 है।

(ख) नहीं श्रीमान्।

(ग) 31.3.2009 तक जिन आवेदकों ने पूरी राशि जमा करा दी हैं उनको 30.6.2010 तक कनैक्शन दे दिये जाएंगे।

**श्री कृष्ण लाल पंवार :** स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि जैसा कि इन्होंने अपने जवाब में भी कहा है कि 31.1.2010 तक 70350 कनैक्शंज पैंडिंग हैं। स्पीकर सर, एक तो मैं यह चाहूंगा कि मंत्री जी पैंडिग कनैक्शंज का जिलेवार ब्यौरा दें कि कौन से जिले में कितने कनैक्शंज पैंडिंग हैं। इसके अलावा मंत्री जी उन

किसानों का ब्यौरा देने का भी कष्ट करें जिनकी कनैक्शन लेने हेतु पूरी की पूरी राशि जमा हो चुकी है।

**श्री महेन्द्र प्रताप सिंह :** अध्यक्ष महोदय, इन्होंने 31.3.2010 तक जो किसानों के पैंडिंग कनैक्शंज की जिलेवार डिटेल पूछी है इस बारे में मैं पहले इनको उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम की जिला वाईज स्थिति बताता हूं। वह हैं अम्बाला में 1675, यमुनानगर में 7314, कुरुक्षेत्र में 2493, करनाल में 6412, सोनीपत मे 5926, जीन्द में 9088, रोहतक में 2135, पानीपत में 3832, झज्जर में 1936, कैथल में 7660, जिनका कुल योग 48471 बनता है। स्पीकर सर, इसी प्रकार से दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के अंतर्गत जो जिले आते हैं उनकी स्थिति इस प्रकार है। फरीदाबाद में 1358, गुड़गांव में 1117, नारनौल में 2379, भिवानी में 2530, हिसार में 4146, सिरसा में 10349, जिनका कुल योग 21879 बनता है। इस प्रकार से उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम और दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम दोनों का टोटल 70350 हुआ। स्पीकर सर, इसके अलावा जहां तक इनके दूसरे सवाल का संबंध है 1.12.2008 तक डिमांड नोटिस इश्यू होने के बाद जिन्होंने 20 हजार रुपये जमा करवा दिये उन्हें कनैक्शन उस टाईम तक दे दिये गये। दूसरी बात 1.12.2008 के बाद जिसने पैसे जमा करवाये हैं या जिन्होंने 31.3.2009 तक आवेदन दिये हैं हम पूरा प्रयास करेंगे कि 30.6.2010 तक उन्हें कनैक्शन दे दें। इस प्रकार के किसानों की संख्या 11962 है।

**श्री कृष्ण लाल पंवार :** अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से आपके माध्यम से पूछना चाहता हूं कि किसानों को जब कनैक्शन देते हो तो इसके लिए क्या क्राइटेरिया बनाया गया है? किसान द्वारा कनैक्शन के लिए जमा करवाया गया पैसा किस हैड में जमा करवाया जाता है तथा जिन किसानों ने पैसा जमा करवा दिया और उनको कनैक्शन नहीं दिया गया क्या उनके लिए उस पैसे का ब्याज देने का सरकार का विचार है क्योंकि मंत्री जी ने उसका जवाब 'ना' में दिया है?

**श्री महेन्द्र प्रताप सिंह :** अध्यक्ष महोदय, जो 'ना' में जवाब दिया है उसके कुछ कारण हैं वे मैं बता देता हूं। इसके लिए जो प्रक्रिया है वह यह है कि आवेदक सब-डिविजन लेवल पर अपना कनैक्शन अप्लाई करता है। कनैक्शन एप्लाई करने के बाद समय-समय पर उनको डिमांड नोटिस जारी किया जाता है। डिमांड नोटिस जारी करने के बाद सब-डिविजन लेवल पर ही उसकी कनसैंट राशि 20 हजार रुपये जमा करवाई जाती है। कनसैंट राशि जमा होने के बाद उसका ऐस्टीमेट तैयार किया जाता है और ऐस्टीमेट तैयार होने के बाद प्राइवेट टैंडर कॉल करके उनको कन्ट्रैक्ट दे दिया जाता है और उसके बाद उनको कनैक्शन रिलीज कर दिये जाते हैं।

**श्री कृष्ण लाल पंवार :** अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने जो 20 हजार रुपये की कनसैंट राशि बताई है क्या उसके अलावा पर स्पैन भी किसान से कोई पैसा चार्ज किया जाता है यदि लिया जाता है तो वह राशि कितनी है?

**श्री महेन्द्र प्रताप सिंह :** अध्यक्ष महोदय, 20 मीटर तक तो हमारे पास जो इनफ्रास्ट्रक्चर है उसमें से निगम ही दे देता है उसके बाद आगे 7 हजार रुपये पर स्पैन के आधार पर

[श्री महेन्द्र प्रताप सिंह]
किसान से चार्ज किया जाता है। जब वह यह राशि जमा करवा देता है तो उसको कनैक्शन रिलीज कर दिया जाता है।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, वैसे तो माननीय मंत्री जी ने पंवार साहब की चिन्ता पर वाजिब रूप से जवाब दे ही दिया है कि पर स्पैन कितना चार्ज किया जाता है लेकिन मैं माननीय सदस्य की जानकारी के लिए बताना चाहूँगा कि 28.9.2001 तक यह पर स्पैन चार्ज नहीं लिया जाता था। 28.9.2001 में इंडियन नैशनल लोकदल की सरकार ने इसको पहली बार लागू किया था और किसान पर यह बोझ डाल दिया गया था।

**श्री अशोक कुमार अरोड़ा :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहूँगा कि डिमांड नोटिस इश्यू होने के समय कई बार किसान की आर्थिक हालत अच्छी नहीं होती और वह कनसैंट राशि जमा नहीं करवा पाता। उस स्थिति में क्या दोबारा उसको कोई मौका दिया जायेगा?

**श्री महेन्द्र प्रताप सिंह :** अध्यक्ष महोदय, डिमांड नोटिस जारी होने के बाद 3 महीने का समय दिया जाता है। मैं समझता हूँ कि जिसको कनैक्शन की जरूरत है वह 3 महीने के समय में पैसे का इंतजाम कर ही देता है। दूसरा जैसा कि भाई सुरजेवाला जी ने फरमाया कि इनके समय में ही यह स्कीम लागू की गई थी। अध्यक्ष महोदय, इन्हीं की स्कीम की वजह से और जो खर्चे निगम पर पड़े, मेरे ख्याल से 3100 करोड़ रुपये से ज्यादा आज भी बकाया पड़ा है। मुख्यमंत्री जी की फ्राखदिली के कारण ही पीछे 1700 करोड़ रुपये में से 1000 करोड़ रुपये का लाभ लोग प्राप्त कर चुके हैं, वह मुख्यमंत्री जी की माफी स्कीम के मुताबिक हुए हैं। इसलिए जब उनको धीरे-धीरे देने की आदत पड़ जायेगी तो इस पर भी मुख्य मंत्री जी विचार कर लेंगे वे बहुत रहम दिल हैं। जहाँ तक माननीय सदस्य का प्रश्न है तो 3 महीने का समय पर्याप्त समय है।

**श्री राम पाल माजरा :** स्पीकर सर, सरकार ने वालेंटरी डिस्कलोजर स्कीम चलाई थी। यह लोड को डिस्कलोज करने के बारे में थी। किसान ने अपना लोड डिस्कलोज कर दिया और आज उनको ट्रांसफार्मर्ज चाहिए। आज वे इन क्यू हैं और इसके लिए बहुत बड़ी लाईन है तथा वे वेटिंग में हैं। सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या उस लम्बी लाईन को तोड़कर के सरकार उनको तुरन्त ट्रांसफार्मर देने के बारे में विचार करेगी? सर, आज नवरात्रों का पहला दिन है इसलिए मैं मुख्यमंत्री जी से विशेष आग्रह करना चाहूंगा कि चाहे डेरों और ढाणियों वाला कर दें, चाहे स्पेन का माफ कर दो, चाहे हाई टैंशन वाली तारों को बदल दें, आज कोई न कोई सही काम तो कर दें।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय माजरा जी को बताना चाहूंगा कि इन्होंने जो ईशू रेज किया है, यह मामला इनके जिले कैथल का और करनाल जिले का भी है। माननीय मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी ने पिछली कांग्रेस की सरकार में एक क्रान्तिकारी योजना शुरू करी थी, जिसका नाम 'अपना ट्रांसफार्मर योजना' है। 30,000 से अधिक किसानों के खेतों तक 11,000 वोल्ट की लाईन ले

जाकर ट्रांसफार्मर से जोड़ेंगे। सर, आपको भी पता है कि एक-एक ट्रांसफार्मर पर 5-5 कनैक्शन लोगों के जुड़े हुए हैं इसलिए मुख्यमंत्री जी ने कहा था कि सरकार के खर्चे पर उनको कनैक्शन दिया जाएगा, इस पर 400 करोड़ रुपये का खर्चा एक जिले में आएगा। सर 30,000 से ज्यादा ट्यूबवैल्ज की इन्डवीज्वल कनैक्शन कैथल जिले में, करनाल जिले में और कुरुक्षेत्र जिले में देने की योजना लागू हो रही है।

**श्री कृष्ण लाल पंवार :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि आज पूरे प्रदेश में वाटर लेवल नीचे जा चुका है। इस वजह से जिस किसान के ट्यूबवैल की मोटर 10 बी०एस०पी० या 7-1/2 हार्स पॉवर की थी, क्या सरकार उनको अपना लोड बढ़ाने का और समय देगी या सरकार के पास कोई ऐसी प्रपोजल है ताकि जो ओवर लोडिड हैं उनको ठीक किया जाए?

**श्री महेन्द्र प्रताप सिंह :** अध्यक्ष महोदय, हम समय-समय पर लोड बढ़ाने के लिए सर्वे करवाते हैं और मुख्यमंत्री जी ने आदेश दिए हैं कि जहां पर ओवर लोडिड हैं और उनका लोड बढ़ाने की आवश्यकता है (शोर एवं व्यवधान) उस बारे में हम विचार करेंगे और उनका लोड हम जरूर बढ़ाएंगे।

**कर्नल रघबीर सिंह :** स्पीकर सर, मैं आपकी परमिशन से कहना चाहता हूं कि बिजली मंत्री जी ने स्पैन के 7000 रुपये का जिक्र किया। इसके बारे में मैं सदन को बताना चाहूंगा कि मुख्यमंत्री जी ने सीसवाल के 33 के.वी. के सब-स्टेशन का उद्घाटन किया और भुरटाना के सब-स्टेशन का उद्घाटन किया था। मुख्यमंत्री जी ने उस समय झोझू के अन्दर एक जन सभा की थी, उसमें किसानों को भी आश्वासन दिया था कि आपका खर्चा बहुत हो जाता है इसलिए स्पैन का आधा खर्चा किसान देगा और आधा खर्चा सरकार वहन करेगी। क्या सरकार के पास इस सम्बन्ध में मामला विचाराधीन है?

**श्री महेन्द्र प्रताप सिंह :** अध्यक्ष महोदय, माननीय साथी जी मुख्यमंत्री जी से प्रार्थना भी कर रहे हैं और उनको याद भी दिला रहे हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय साथी जी को कहना चाहता हूं कि मुख्यमंत्री जी इनके कहे बगैर ही जन-भावना को समझते हैं। जिन्होंने पेमैन्ट नहीं की थी, जो डिफाल्टर थे, उनकी पेमैन्टस को माफ कर दिया है। (विघ्न) जहां तक इस चीज का ताल्लुक है, 7000 रुपये प्रति स्पैन की चर्चा चली थी लेकिन आज बिजली की बढ़ती हुई मांग, उसके बढ़ते हुए खर्चे और बोर्ड की स्थिति को देखते हुए फिलहाल इस बात पर विचार करना संभव नहीं है। किसानों के हितों को देखते हुए अगर संभव होगा तो सारी आर्थिक स्थिति को देखते हुए इस बारे में विचार जरूर किया जाएगा।

---

**Power Houses of NTPC and NHPC**

***96. Sh. Krishan Pal Gurjar :** Will the Power Minister be pleased to state the number of Power Houses of NTPC and NHPC togetherwith the details of share of Haryana in the electricity generated by these Power Houses.

**बिजली मंत्री (श्री महेन्द्र प्रताप सिंह) :** श्रीमान, 11334.27 मैगावाट की स्थापित

[श्री महेन्द्र प्रताप सिंह]
क्षमता सहित 12 नं० एन०टी०पी०सी० पावर हाउस हैं जिनमें हरियाणा का हिस्सा 997.64 मैगावाट है तथा 2972.2 मैगावाट की स्थापित क्षमता सहित 8 नं० एन०एच०पी०सी० के पावर हाऊस हैं, जिनमें हरियाणा का हिस्सा 329.9 मैगावाट है। स्थापित क्षमता तथा इन पावर हाउसों में हरियाणा के हिस्से का विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

**विवरण**

| क्र० सं० | परियोजना का नाम | स्थापित क्षमता (मैगावाट में) | हरियाणा का हिस्सा (मैगावाट में) |
|---|---|---|---|
| एन०टी०पी०सी० | | | |
| 1. | सिंगरौली सुपर थर्मल परियोजना (उ०प्र०) | 2000 | 200 |
| 2. | रिहन्द सुपर थर्मल परियोजना-I (उ०प्र०) | 1000 | 65 |
| 3. | रिहन्द सुपर थर्मल परियोजना-II (उ०प्र०) | 1000 | 57 |
| 4. | उचांहार सुपर थर्मल (उ०प्र०) | 840 | 34.02 |
| 5. | उचांहार-III (उ०प्र०) | 210 | 12 |
| 6. | फरक्खा (पश्चिम बंगाल) | 1600 | 14.57 |
| 7. | कहलगांव (बिहार) | 840 | 31.75 |
| 8. | कहलगांव-II (बिहार) | 1500 | 47.2 |
| 9. | अंटा गैस (राजस्थान) | 419.33 | 25.3 |
| 10. | ओरय्या गैस (उ०प्र०) | 663.36 | 38.2 |
| 11. | दादरी गैस (उ०प्र०) | 829.58 | 40.6 |
| 12. | फरीदाबाद गैस (हरियाणा) | 432 | 432 |
| | **योग** | **11334.27** | **997.64** |
| एन०एच०पी०सी० | | | |
| 1. | बेरा-स्यूल हाईडल परियोजना (हि०प्र०) | 198 | 54.9 |
| 2. | सलाल हाइड्रो-इलैक्ट्रिक परियोजना (जम्मू एण्ड कश्मीर) | 690 | 104 |
| 3. | टनकपुर हाईडल (उत्तराखंड) | 94.2 | 6 |

| क्र० सं० | परियोजना का नाम | स्थापित क्षमता (मैगावाट में) | हरियाणा का हिस्सा (मैगावाट में) |
|---|---|---|---|
| 4. | चमेरा हाईडल (हि०प्र०) | 540 | 85 |
| 5. | चमेरा-II (हि०प्र०) | 300 | 17 |
| 6. | ऊरी हाईडल (जम्मू एण्ड कश्मीर) | 480 | 26 |
| 7. | धौलीगंगा (उत्तराखंड) | 280 | 16 |
| 8. | दुल्हस्ती (जम्मू एण्ड कश्मीर) | 390 | 21 |
| | योग | 2972.2 | 329.9 |
| | **कुल योग** | **14306.47** | **1327.54** |

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि हरियाणा में एन०टी०पी०सी० के कौन-कौन से पावर हाउसिज हैं और उनमें हरियाणा का बिजली का हिस्सा कितना है? (विघ्न) मैं इस बारे में स्पैसिफिक जानना चाहता हूं कि इनमें हरियाणा का हिस्सा कितना है?

**श्री महेन्द्र प्रताप सिंह :** अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य रिप्लाई की 12 नम्बर टेबल देखें। फरीदाबाद का जो गैस बेस्ड प्लांट है वह 432 मैगावाट का है और हमारा इसमें इतनी ही मैगावाट बिजली का हिस्सा है। यह 432 मैगावाट हिस्सा हम आज भी प्राप्त कर रहे हैं।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** अध्यक्ष महोदय, इसी से जुड़ी हुई मैं अपनी एक और सप्लीमैंट्री पूछ रहा हूं। मुन्डेड़ी में जो 432 मैगावाट का एन०टी०पी०सी० का पावर हाउस लगाया गया था वह चौधरी बंसीलाल जी के समय में लगाया गया था। यह पहला उदाहरण है जिसकी पूरी की पूरी बिजली हरियाणा को मिली है। क्या अब इस पावर हाउस का एक्सपैंशन हो रहा है और अगर हो रहा है तो क्या एक्सपैंशन के बाद इससे पूरी बिजली हरियाणा को ही मिलेगी? इसके अलावा जो थर्मल पावर हाउस बन गए हैं या बनने जा रहे हैं उनमें हरियाणा का बिजली का हिस्सा कितना है?

**श्री महेन्द्र प्रताप सिंह :** अध्यक्ष महोदय, फरीदाबाद का जो गैस बेस्ड पावर हाउस लगा है उसके बारे में इन्होंने फरमाया कि चौधरी बंसीलाल जी के समय में वह पहला प्लांट लगा। यह बात सही है लेकिन इसके लिए जमीन की ऐक्वायर और इसका जो प्लान था, वह तो उनके समय से पहले ही तैयार हो चुके थे। यह ठीक है कि यह बंसीलाल जी के समय में लगा इसलिए इसका पूरा श्रेय उनकी मेहनत को ही जाता है। इसका जो दूसरा फेज 432 मैगावाट का है वह हम उम्मीद करते हैं कि 2012 तक पूरा हो जाएगा और उसमें भी बिजली हमें अवश्य प्राप्त होगी।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** अध्यक्ष महोदय, इस दूसरे फेज से हरियाणा को कितनी बिजली मिलेगी?

**श्री महेन्द्र प्रताप सिंह :** अध्यक्ष महोदय, यह तो भविष्य की हिस्सेदारी की बात है। हम उम्मीद करते हैं कि हम उसमें से भी मैक्सिमम बिजली अर्जित करेंगे। मैक्सिमम 432 मैगावाट भी हो सकती है।

**श्री कृष्ण लाल पंवार :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि झाड़ली में जो एन०टी०पी०सी० द्वारा स्थापित थर्मल प्लांट लग रहा है उसमें हरियाणा का बिजली का हिस्सा कितना है और इस प्लांट के अंदर जो कर्मचारी रखे जाएंगे वह हरियाणा के कितने रेशो के हिसाब से रखे जाएंगे?

**श्री महेन्द्र प्रताप सिंह :** अध्यक्ष महोदय, दीनबन्धु, छोटू राम यमुनानगर के पावर प्लांट का तो काम शुरू हो गया है। राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट खेदड़ की पहली यूनिट शुरू हो गयी है और इसकी दूसरी यूनिट भी अंडर कमीशनिंग है और दूसरी यूनिट इंदिरा गांधी सुपर पावर प्रौजैक्ट, झज्जर जिसका आप जिक्र कर रहे हैं, इसमें 1500 मैगावाट में हरियाणा का शेयर आधा है और आधा ही दिल्ली का शेयर है। यह अंडर कंस्ट्रक्शन है।

**श्री कृष्ण लाल पंवार :** अध्यक्ष महोदय, इस बारे में मेरा बड़ा ही जरूरी सवाल है। (विघ्न)

**श्री अध्यक्ष :** बड़ा जरूरी क्या है? आप बैठिए। (विघ्न)

**श्री महेन्द्र प्रताप सिंह :** इस बारे में मैं ऑफहैंड कैसे बता सकता हूं। ये मुझे लिखकर दे दें तो मैं दे दूंगा। (विघ्न)

**श्री कृष्ण लाल पंवार :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि मंत्री जी बता रहे हैं कि झाड़ली में जो 1500 मैगावाट का थर्मल पॉवर प्लांट है उसमें 50 प्रतिशत हिस्सा एन०टी०पी०सी० का है और 50 प्रतिशत हरियाणा सरकार का है ये असत्य बात कह रहे हैं। सही यह है कि इसमें 50 परसैंट हिस्सा एन०टी०पी०सी० का है, 25 परसैंट हरियाणा का है और 25 परसैंट दिल्ली का है। पता नहीं किस आधार पर ये कह रहे हैं कि 50 प्रतिशत हिस्सा हरियाणा का है?

**श्री महेन्द्र प्रताप सिंह :** उस प्लांट से 50 प्रतिशत बिजली हमें ही प्राप्त होगी तो हमारा 50 प्रतिशत ही हिस्सा हुआ, यह रिकार्ड की बात है।

**श्री कृष्ण लाल पंवार :** क्या उसमें आधा हिस्सा दिल्ली का नहीं है?

**श्री अध्यक्ष :** क्या करें आप ही बताओ, when he has categorically said. इस बात को कैसे क्लेरिफाई करें? Please take your seat. (विघ्न)

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि (विघ्न)

**श्री अध्यक्ष :** आपने तीन सप्लीमैंट्री पूछ ली हैं अब किसी अन्य सदस्य को भी सप्लीमैंट्री पूछने का अवसर दें। बिशन लाल सैनी जी, आप प्रश्न पूछिए।

**मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा) :** अध्यक्ष महोदय, हमारे साथी कृष्ण लाल पंवार ने जो प्रश्न उठाया है उसका मैं जवाब देना चाहता हूं कि जो जनरेशन ऑफ पॉवर का सवाल है उसमें बिजली का हिस्सा हरियाणा प्रदेश का 50 प्रतिशत है। हां, खर्च में जरूर 25-25 प्रतिशत का हिस्सा है इसमें 25 प्रतिशत खर्च दिल्ली सरकार करेगी और 25 प्रतिशत खर्च हरियाणा सरकार करेगी। हिस्सा 50 परसैंट हरियाणा का है।

**श्री बिशन लाल सैनी :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जो दीन बंधु सर छोटू राम थर्मल पॉवर प्रोजैक्ट है उसकी जो चिमनियां है उनमें से 24 घंटे 5-5 किलोमीटर तक राख गिरती रहती है उसमें हरियाणा का कितना हिस्सा है और दिल्ली का कितना है?

**Mr. Speaker :** No need to reply.

**श्री महेन्द्र प्रताप सिंह :** अध्यक्ष महोदय, यह कोई सवाल नहीं है फिर भी मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि पौल्यूशन के लिए डिवाइस और ऐलीमैंट लगे हुए हैं।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी के नाम पर जो थर्मल पॉवर प्लांट झज्जर में लग रहा है उसमें हरियाणा का कितना हिस्सा होगा?

**श्री महेन्द्र प्रताप सिंह :** इस प्लांट से सारी बिजली ही हमें प्राप्त होगी तो हिस्से का सवाल ही कहां है। वह तो हमारा ही है।

**श्री अध्यक्ष :** सम्पत सिंह जी, आप सप्लीमैंट्री पूछिए।

**प्रो० सम्पत सिंह :** अध्यक्ष महोदय, इस बारे में मुख्यमंत्री जी ने जवाब दे दिया है।

---

**Reservation to Ex-Servicemen**

***67. Col. Raghbir Singh :** Will the Chief Minister be pleased to state—

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to provide reservation to ex-servicemen in Panchayat, Block Samiti and Zila Parishad elections like reservation is being provided to the Women, SC and BC in such elections ; and

(b) if so, the details thereof, if not the reasons thereof ?

**PWD (B&R) Minister (Sh. Randeep Singh Surjewala)**

(a) No, Sir.

(b) Question does not arise.

**कर्नल रघबीर सिंह :** अध्यक्ष महोदय, हमारी आर्मी दुनिया में सैकेंड लार्जेस्ट आर्मी है। मैंने अपने सवाल के माध्यम से जानना चाहा था कि क्या पंचायत, ब्लॉक समिति तथा

[कर्नल रघबीर सिंह]

जिला परिषद् के चुनावों में भूतपूर्व सैनिकों को आरक्षण देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

**श्री अध्यक्ष :** आप सवाल पूछें।

**कर्नल रघबीर सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मैं सवाल ही पूछ रहा हूं। आर्मी में हर दसवां जवान हरियाणा प्रदेश का है और चाहे शहीदों की बात आती है तो भी हरियाणा नंबर वन होता है। जिस प्रकार महिलाओं, अनुसूचित जातियों, पिछड़ा वर्ग के भाइयों को आरक्षण दिया जा रहा है क्या उसी प्रकार का आरक्षण भूतपूर्व सैनिकों को भी देने पर सरकार विचार करेगी?

**मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा) :** अध्यक्ष महोदय, जहां तक भूतपूर्व फौजियों का सवाल है उस बारे में मैं इनको बताना चाहता हूं कि अगर ये गौर करें तो हमने प्रदेश का सारा वित्त कैप्टन अजय सिंह यादव एक फौजी को ही दे रखा है। हमने फौजी को बहुत मान-सम्मान दे रखा है।

---

**Tosham-Khanak By-Pass**

***58. Smt. Kiran Chaudhry :** Will the PWD (B&R) Minister be pleased to state the status of the construction of Tosham-Khanak by-pass road togetherwith the time limit for the construction of the said road is likely to be completed ?

**PWD (B&R) Minister (Sh. Randeep Singh Surjewala) :** The estimate for construction of Tosham-Khanak by-pass has been prepared and is under consideration for sanction. At this stage, time limit for construction cannot be indicated.

**श्रीमती किरण चौधरी :** अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहूंगी कि सी०एम० साहब ने वर्ष 2008 में बहुत दरियादिली से यह ऐनाउंसमैंट की थी। अब मंत्री जी ने अपने जवाब में कहा है कि –"The estimate for construction of Tosham-Khanak by-pass has been prepared and is under consideration for sanction." जब सी०एम० साहब की ऐनाउंसमैंट है और मंत्री जी कह रहे हैं कि "under consideration for sanction" यह बात मेरी समझ में नहीं आई। ये अण्डर कन्सीड्रेशन नहीं होनी चाहिए। वर्ष 2008 की सी०एम० साहब की ऐनाउंसमैंट को तो प्रियोरिटी बेसिज पर अमल करना चाहिए। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहूंगी कि इसका क्या मतलब होता है?

**Mr. Speaker :** I do not think, it is a supplementary.

**श्रीमती किरण चौधरी :** अध्यक्ष जी, मेरा प्रश्न था और मुझे ही आप पूछने नहीं दे रहे हैं।

**श्री अध्यक्ष :** आपका प्रश्न कुछ और था और आप पूछने कुछ और लग गयी हैं।

**श्रीमती किरण चौधरी :** अध्यक्ष जी, जो मंत्री महोदय ने अपना आंसर दिया है मैं उस आन्सर में से ही प्रश्न पूछ रही हूं। मैं सप्लीमैंट्री उनके आन्सर में से ही पूछ रही हूं। उसी में से प्रश्न पूछने की इजाजत आप नही दे रहे हैं।

**Mr. Speaker :** Please sit down.

**श्रीमती किरण चौधरी :** अध्यक्ष जी, सी०एम० साहब की ऐनाउंसमैंट है उस पर तो अमल होनी ही चाहिए।

---

**Repairs of Road**

***136. Sh. Pardeep Chaudhary :** Will the PWD (B&R) Minister be pleased to state whether the road from village Lohgarh to Nanakpur on NH-21A is in very bad condition ; if so, the time by which the said road is likely to be repaired ?

**PWD (B&R) Minister (Sh. Randeep Singh Surjewala) :** No, Sir. However, the work for improvement of this road by way of widening & strenghtening from village Lohgarh (Km. 2.200) to village Nanakpur (Km. 11.200) has already been awarded on 4-11-2009. The scheduled date of completion of this work is 01.01.2011. इसके अलावा मैं माननीय सदस्य को यह भी बताना चाहूंगा कि लोहगढ़ की सड़क 0 से 2.200 किलोमीटर की है वह 30.6.2009 को 415 लाख 93 हजार रुपये लागत से पूरी हो गई है। जो नानकपुर की सड़क 11.200 किलोमीटर से आगे वाली है वह इस समय हमारे अण्डर कंसीड्रेशन है। वह भी हम जल्दी बनायेंगे और इस पर 10 करोड़ 09 लाख 22 हजार रुपये खर्चा आयेगा।

**श्री प्रदीप चौधरी :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि कालका विधान सभा क्षेत्र में दमदमा से भवाना, भवाना से जैथल, टोरन से धारड़ी और बेरघाटी से धामसु ये सड़कें मंजूर हो चुकी हैं और कच्ची सड़कें बन चुकी हैं। इसी तरह से शेरला ताल से हरा घाट वाया ठन्डोग पी०डब्ल्यू०डी० ने वर्ष 2004 में रिजर्व फौरेस्ट का पैसा इसके लिए रखा हुआ है। ये कब तक बनायेंगे?

**श्री अध्यक्ष :** आपका सवाल कुछ और है और आप पूछ कुछ और रहे हो।

**श्री प्रदीप चौधरी :** अध्यक्ष महोदय, मैं सड़कों के बारे में ही पूछ रहा हूं।

**श्री अध्यक्ष :** हरियाणा में हजारों सड़कें हैं। आपका सवाल दूसरा है। It is not possible for the Minister to reply this.

**श्री प्रदीप चौधरी :** अध्यक्ष महोदय, क्या इन सडकों को पक्की करने का कोई सरकार का प्रावधान है, अगर है तो कब तक है?

**Mr. Speaker :** It is not possible to reply. This is not relevant. Please sit down.

**श्री प्रदीप चौधरी :** सर, मेरे एरिया की बात है। सड़कें पक्की करने की बात पूछी है।

**श्री अध्यक्ष :** अगर आपकी इस सड़क के साथ कनैक्टिड बात है तो बता दें।

**श्री प्रदीप चौधरी :** सर, मेरे एरिया की बात है। मैंने सड़क पक्की करने की बात पूछी है।

**श्री अध्यक्ष :** अब आप बैठिए।

---

**Construction of Fly over**

***153. Smt. Kavita Jain :** Will the PWD (B&R) Minister be pleased to state —

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to construct a fly-over near the Hindu College in Sonepat city ; and

(b) if so, the time by which the construction work of the abovesaid fly-over is likely to be started ; and if not, the reasons thereof ?

**PWD (B&R) Minister (Sh. Randeep Singh Surjewala) :**

(a) Yes Sir, there is a proposal under consideration of the Government to construct a fly-over near the Hindu college in Sonepat city.

(b) No time-frame can be given at this stage for the start of the work as, after the approval of the Government, the revised general arrangement drawings have to be got approved from the Railways and the land will have to be acquired.

**श्रीमती कविता जैन :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से कहना चाहूंगी कि अगस्त 2009 में मुख्यमंत्री महोदय जी इस पुल की आधारशिला रखने वाले थे तो अब मंत्री महोदय को इसका निर्माण कार्य शुरू करने की डेट देने में क्या दिक्कत है? मंत्री जी इसका कारण बताएं और यह भी बताएं कि कब तक रिवाइज जनरल अरेंजमैंट ड्राइंग्ज रेलवे के पास भिजवाई जाएंगी और क्या फ्लाई ओवर निर्माण के लिए प्राइवेट प्रोपर्टीज को ऐक्वायर करने की आवश्यकता पड़ेगी?

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, काबिल विधायिका को यह पता है कि यह शहर का बिल्कुल तंग इलाका है, इसमें पीछे भी जब आर०ओ०बी० बनाने की बात आई थी तो शहर के लोगों और सम्मानित विधायिका का एतराज था क्योंकि इसमें प्रापर्टीज ऐक्वायर होंगी और डैमोलिशंज होगी इसलिए मुख्यमंत्री महोदय ने 27 नवम्बर, 2009 को दोबारा से मीटिंग की। अब जो डिजाइन फाइनल किया गया है उसमें कम से कम प्रोपर्टी ऐक्वायर हों यह बात हम देख रहे हैं। It is, now, a three-legged ROB. इनमें से एक एन०एच०-1 की साइड में उतरेगा, दूसरा गोहाना की तरफ और तीसरा खरखौदा की तरफ उतरेगा। जो हमारी एग्जास्टिंग सोनीपत से गोहाना साइड सड़क है इसके साथ बाजार साइड से खरखौदा की तरफ टू लेन सड़क भी बनानी पड़ेगी। दोनों तरफ तीन मीटर की सर्विस लेन भी बनानी पड़ेगी नहीं तो ऐग्जिस्टिंग ट्रैफिक भी नहीं चल पाएगा। इसमें कुछ जमीन भी ऐक्वायर करनी पड़ेगी। कुछ जमीन रेलवे की और कुछ जमीन पी०डब्ल्यू०डी० से लेनी पड़ेगी इसलिए इस पुल का निर्माण अभी विचाराधीन है।

**श्रीमती कविता जैन :** अध्यक्ष महोदय, यह प्रोसीजर कब तक पूरा होगा? मंत्री महोदय इसकी टाइम लिमिट बताएं क्योंकि इस पुल की डिमांड 40 वर्षों से चल रही है? 26 जनवरी को भी मंत्री महोदय सोनीपत में आए थे और तब धार्मिक संगठनों और सामाजिक संगठनों ने मिलकर मंत्री महोदय को इस बारे में ज्ञापन दिया था। अगस्त, 2009 में तो मुख्यमंत्री महोदय जी इसकी आधारशिला रखने वाले थे तो फिर इसके निर्माण में क्या दिक्कत है?

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्या ने मुझे भी ज्ञापन दिया था और माननीय मुख्यमंत्री महोदय को भी इस बारे में जानकारी है। हम इसको जल्दी ही बनाएंगें ताकि कम से कम लोगों की प्रोपर्टी जाए। माननीय सदस्या की भी यही मंशा थी कि कम से कम लोगों की इसमें प्रोपर्टी जाए इसलिए इसे श्री लैगुड़ आर०ओ०बी० बना रहे हैं and we are trying to finalise the designs, जिसमें कम से कम नुकसान हो ताकि यह आर०ओ०बी० भी बन सके।

**श्री फूलसिंह खेड़ी :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि हल्का गुहला में घग्गर नदी पर ढिढोंता पुल है जिसका ओम प्रकाश चौटाला सरकार में 2004 में शिलान्यास हुआ था उसकी अब क्या स्थिति है?

**श्री अध्यक्ष :** फूल सिंह जी, आप कहां नदी की बात पर चले गए, सवाल तो पुल का हो रहा है। इस बारे में मंत्री जी कैसे बता पाएंगे। उनको सब कुछ याद तो नहीं है। पेहवा में सरस्वती नदी पर पुल कहां है क्या यह आप बता सकते हैं? सवाल वही करो जो इस सवाल से कनैक्टिड हो।

---

**School at Haryana Education Board**

***169. Sh. Ghanshyam Saraf :** Will the Education Minister be pleased to state whether it is a fact that the new building of school has been constructed in Haryana Education Board, Bhiwani; if so the time by which the said School is likely to be started ?

**Education Minister (Smt. Geeta Bhukkal Matanhail) :** Yes Sir, there is a school building in the Board's campus. The Board is in the process of working out the modalities to start the school. The school is likely to be started from the academic session beginning from April, 2011.

**श्री घनश्याम सर्राफ :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि क्या भिवानी क्षेत्र के स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा?

**श्रीमती गीता भुक्कल, मातनहेल :** अध्यक्ष महोदय, वैसे तो यह पृथक प्रश्न है परन्तु जैसे कि मैंने बताया है कि इस समय अपग्रेडेशन आफ स्कूलों की रिवाइज पोलिसी बन रही है। एज पर रिवाइज्ड पोलिसी के नार्म्स के तहत स्कूल अपग्रेड किए जाएंगें।

**श्री घनश्याम सर्राफ :** अध्यक्ष महोदय, शिक्षा बोर्ड, भिवानी में कर्मचारियों की बहुत कमी है, उसको कब तक पूरा किया जाएगा ?

**Mr. Speaker :** It is not possible to give the reply.

**श्रीमती किरण चौधरी :** अध्यक्ष महोदय, पहले मैं हर ब्लॉक पर मॉडल स्कूल बनाने का डिसिजन लेने के लिए मंत्री महोदया का धन्यवाद करूंगी। इसके साथ-साथ मैं मंत्री जी से यह भी पूछना चाहूंगी कि इन मॉडल स्कूल्ज की शुरुआत कब तक होगी?

**श्रीमती गीता भुक्कल, मातनहेल :** अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्या को बताना चाहूंगी कि हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी ने 2007 में इनडिपैंडैंस डे पर अनाउंसमैंट की थी कि जो बैकवर्ड ब्लॉक्स हैं उनमें स्कूल बनाये जायेंगे। यह स्कीम सैंटरल गवर्नमैंट स्पोंसर्ड स्कीम है जिसके तहत एजूकेशनली बैकवर्ड ब्लॉक्स में करीबन 2500 मॉडल स्कूल पहले फेज में बनेंगे। इस समय हमारी प्रक्रिया जारी है। कुछ दिन पहले माननीय मुख्यमंत्री जी ने डी०सीज० की मीटिंग ली थी जिसमें उन्होंने कहा था कि बैकवर्ड ब्लॉक्स में एक-एक मॉडल स्कूल के हिसाब से नाम भेज दें। इस तरह का प्रपोजल अभी चल रहा है जो अतिशीघ्र एप्रूव हो जायेगा। इसके लिए सैंट्रल गवर्नमैंट से पैसा लेना है।

**श्रीमती किरण चौधरी :** अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदया फस्ट फेज की बात कर रही हैं इसलिए मैं इनसे पूछना चाहूंगी कि क्या भिवानी फस्ट फेज के बैकवर्ड ब्लॉक में है या नहीं है?

**श्रीमती गीता भुक्कल, मातनहेल :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्या को बताना चाहूंगी कि इस समय भिवानी में दो एजुकेशनली बैकवर्ड ब्लॉक्स हैं जिसमें एक सिवानी है जहां पर 44.06 प्रतिशत फीमेल लिट्रेसी है और दूसरा तोशाम है जहां पर 43.83 प्रतिशत फीमेल लीट्रेसी है। इसके लिए लैंड रिक्वायरमैंट पांच एकड़ की है। भिवानी में ये दो बैकवर्ड ब्लॉक्स हैं।

---

**Supply of Water**

बात है। हमारे यहां सुंदर सब-ब्रांच और हांसी सब-ब्रांच है। सुंदर सब-ब्रांच की टोटल कैरिंग कैपेसिटी 2611 क्यूसिक है लेकिन आज तक भी उसमें 2611 क्यूसिक पानी नहीं चला। जब से यह सरकार बनी है तब से इस नहर में मैक्सिमम 1000 क्यूसिक तक ही पानी चला है। केवल एक हफ्ता ही 1700 क्यूसिक तक यह ब्रांच गई है। पानी कम जाने की वजह से इसके साथ लगते जितने भी इलाके हैं, जहां रजवाहे और डिस्ट्रीब्यूट्रीज से पानी जाता है वहां टेल पर पानी नहीं जा पाता। अध्यक्ष महोदय, यही हाल हांसी सब-ब्रांच का है। इसकी कैरिंग कैपेसिटी 2300 क्यूसिक है लेकिन आज यह ब्रांच 990 क्यूसिक पर चल रही है। इसका मुख्य कारण है कि 1996 में इसकी सफाई हुई थी और उसके बाद से इन दोनों नहरों की सफाई नहीं हुई। सरकार की तरफ से इसी सुंदर ब्रांच पर सरकार ने 5 करोड़ रुपये नाजायज खर्च करके उसकी कैपेसिटी को बढ़ाने की बजाय इसकी रेजिंग कर दी जबकि उसकी सफाई से इस खर्च को बचाया जा सकता था। इन नहरों की सफाई न होने की वजह से सरकार को डेली बहुत नुकसान हो रहा है। हरियाणा के जो माईन्ज के डारैक्टर हैं उन्होंने नं. 6531 दिनांक 17.10.2006 से एक लैटर लिखी कि इस नहर की रेती की बिक्री के लिए टैण्डर किए जाने चाहिएं। सरकार द्वारा इसकी रिजर्व प्राइस 44 लाख रुपये रखी गई थी लेकिन आज तक डायरैक्टर की 2006 की लैटर जाने के बाद भी कोई टैण्डर नहीं हुए। वहां इस नहर से लगातार रेती की चोरी जारी है। हमारे इरीगेशन कमीशनर मिस्टर जालान साहब जब 24 फरवरी को जींद गए थे तो वहां के लोगों ने इस चोरी की सूचना लिखित में भी उनको दी थी और इस चोरी के होते हुए समय की सी०डी० भी दी थी। करोड़ों रुपये की चोरी लगातार हो रही है, सी०डी० देने के बाद भी अपने अफसरों को बचाने के लिए आज तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। हद तो यह है कि जो 10-12 आदमी इस दुनियां में ही नहीं हैं उनके नाम से मस्टर रोल बनाकर तनख्वाहें ली जा रही हैं। एक भीम सिंह सपुत्र राम सिंह है उसके एड्रैस का ही नहीं पता कि वह जुलाना का है या जुलानी का है लेकिन उसके नाम से लगातार पैसा ड्रा किया जा रहा है। जालान साहब को लिखित में देने के बावजूद भी जींद डिविजन में सुंदर सब-ब्रांच और हांसी सब-ब्रांच पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। वहां पर बहुत ज्यादा अनियमितताएं हैं उनकी तरफ सरकार को ध्यान देना चाहिए। इसके अतिरिक्त वहां जो डिस्ट्रीब्यूट्रीज और पुराने-पुराने रजबाहे हैं उनकी सफाई न होने की वजह से टेल बिल्कुल खत्म हो गई हैं इसलिए उनकी तरफ भी सरकार ध्यान दे।

**श्री सुभाष चौधरी (पलवल) :** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे एप्रोप्रिएशन बिल पर बोलने के लिए समय दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। अध्यक्ष महोदय, मैं मुख्यमंत्री जी से निवेदन करता हूं कि पलवल जिला भी हरियाणा में ही है लेकिन वहां पर किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं है। पलवल क्षेत्र में आज के दिन बहुत सी समस्याएं हैं। वहां पर 12 गांव खादड़ के हैं जहां पर बहुत देर पहले एक सड़क बनी थी। बहन शारदा राठौर जी यहां बैठी हुई हैं इन्होंने वह सड़क कुछ दिन पहले ठीक भी करवाई थी लेकिन अब उस सड़क की बहुत खराब हालत है। उस सड़क को जल्दी से जल्दी बनवाया जाये। सरकार के रैवये को पलवल की तरफ देखते हुए मुझे लगता है कि शायद पलवल जिला हरियाणा से कुछ अलग है। वहां पर ऐडमिनिस्ट्रेशन नाम की कोई चीज नहीं है। वहां पर लोगों पर सैंकड़ों मुकदमें धारा 302 और 307 के झूठे दर्ज होते हैं। अध्यक्ष महोदय, आप इजाजत

[श्री सुभाष चौधरी]
दें तो मैं सबकी जानकारी सदन में दे सकता हूं। उदाहरण के तौर पर मैं बताना चाहूंगा कि कंवर हरिन्दर पाल जो कि कांग्रेस के जिला प्रधान हैं उनके पूरे परिवार के खिलाफ दो साल पहले झूठा मुकदमा दर्ज करवाया गया। वह आज भी कांग्रेस का जिला प्रधान है और उस समय भी था। उसका सारा परिवार दो साल से प्रताड़ित था, अब जाकर हाई कोर्ट से उसको न्याय मिला है। उसके दोषी अब जाकर गिरफ्तार हुए हैं और एक-दो दोषी तो अभी भी रह गये हैं। इसी तरह से पलवल के अंदर धारा 304 और 302 के बहुत से झूठे मुकदमें दर्ज हो रहे हैं। पलवल के अंदर न डी०सी० साहब काम कर रहे हैं और न दूसरा एडमिनिस्ट्रेशन काम कर रहा है। वहां पर केवल ****

**श्री अध्यक्ष :** चौधरी साहब, जो नाम ले रहे हैं वह नोट न किया जाये।

**Shri Randeep Singh Surjewala :** Speaker Sir, he should not speak about a person who is not a Member of this House.

**श्री सुभाष चौधरी :** अध्यक्ष महोदय, जब रणदीप सिंह सुरजेवाला जी बोलते हैं तब हम नहीं बोलते। अध्यक्ष महोदय, सत्तापक्ष के सदस्य तो न जाने क्या-क्या कहते हैं, हम लोग नहीं बोलते। सत्तापक्ष की तरफ से चाहे किरण जी बोलें या सम्पत सिंह जी बोलें . हम नहीं बोलते।

**श्री अध्यक्ष :** चौधरी साहब, अगर आप सदन में सही भाषा का प्रयोग नहीं करेंगे तो इनका हक बनता है कि ये आब्जैक्शन करेंगे। जो सदस्य इस सदन का मैंबर नहीं है आप उसका नाम न लें।

**श्री सुभाष चौधरी :** अध्यक्ष महोदय, मैं नाम नहीं लूंगा पूर्व विधायक तो कह सकता हूं। मैं यह कहना चाह रहा हूं कि हमारे वहां राज केवल एक आदमी ही चला रहा है। सुरजेवाला जी आप सुलझे हुए इंसान हैं और बहुत बढ़िया बोलते हैं यदि आप कहें तो आपको लिखकर दे देता हूं या मुख्यमंत्री जी को लिखकर दे देता हूं क्योंकि हमारे पलवल के अंदर न्याय प्रक्रिया की व्यवस्था खत्म है और बहुत से झूठे मुकदमे दर्ज हुए हैं। मेरी मुख्यमंत्री जी से प्रार्थना है कि वहां पर न्याय व्यवस्था को अवश्य सुधारें। अध्यक्ष महोदय, इसका एक कारण और भी है कि ये हमारे समधी भी हैं और एक समधाने का रौला भी पड़ रहा है। (हंसी) अध्यक्ष महोदय, मेरी प्रार्थना है कि अगर ये समधाना निभायें तो सभी से निभायें क्योंकि मुख्यमंत्री जी के लिए होडल वाले बच्चे और यमुनानगर वाले बच्चे यानि सभी नागरिक बराबर हैं।

**श्री अध्यक्ष :** चौधरी साहब, थैंक्यू वैरी मच। प्लीज, अब आप बैठें।

**श्री सुभाष चौधरी :** अध्यक्ष महोदय, मैं एक मिनट का समय और लूंगा। अध्यक्ष महोदय, इसके अतिरिक्त मैं आपके माध्यम से सरकार के ध्यान में लाना चाहूंगा कि हमारे वहां पलवल में एक भी कालेज नहीं है और सरकार कहती है कि इन्होंने हरियाणा में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बहुत से कालेज और विश्वविद्यालय बनवाये हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या पलवल हरियाणा में नहीं है? क्योंकि पलवल जिले में एक भी कालेज नहीं है।

*चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

पलवल जिले को 20 सालों से अछूता माना जाता रहा है इसलिए अब वहां कम से कम एक कालेज बनवाया जाये। स्पीकर सर, एक बात मैं बी०पी०एल० की लिस्ट के बारे में कहना चाहता हूं। स्पीकर सर, बी०पी०एल० की लिस्टें सारे हरियाणा प्रदेश में लागू हो चुकी हैं लेकिन मेरे विधान सभा क्षेत्र में अभी तक भी बी०पी०एल० की लिस्टें लागू नहीं हुई हैं जिससे बी०पी०एल० वर्ग के लोगों को पिछले साल से इस योजना के अधीन मिलने वाला राशन और दूसरे लाभ नहीं मिल रहे हैं। स्पीकर सर, एक बात मैं यह कहना चाहूंगा कि हमारे यहां जब वर्ष 2006 में सैक्टर 21 के लिए जमीन एक्वायर की गई तो उस समय किसानों को 17 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया गया था जिस पर ब्याज मिलाकर किसानों को कुल 26.52 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से पेमैंट की गई थी। स्पीकर सर, हमारे यहां जो सैक्टर 21 है इसके पांच टुकड़े हुए हैं और जिस दिन से एक्वायरमैंट शुरू हुई आज तक उसको पांच बार निकाल दिया गया है। स्पीकर सर, मैं चाहता हूं कि आज वहां पर हाऊस के मैम्बर्ज की एक कमेटी बनाकर भेजी जाये जो यह फैसला करे कि वहां पर ट्रांसपोर्ट सैक्टर हो सकता है या नहीं क्योंकि ट्रांसपोर्ट सैक्टर 8, 10 या 15 किलोमीटर का होना चाहिए। स्पीकर सर, मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या वहां पर ट्रांसपोर्ट नगर इसलिए बनाया जा रहा है कि वहां पर एक ही परिवार की और दो कौमों को मार दिया जाये क्योंकि वहां पर गुर्जरों और ठाकुरों के दोनों गांव बराबर में हैं। स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से यह प्रार्थना करूंगा कि इस सैक्टर को वहां से हटवाया जाये।

**श्री कृष्ण लाल पंवार (अनुसूचित जाति, इसराना) :** स्पीकर सर, मैं मद नम्बर 40 पर बोलना चाहता हूं जो कि पावर सैक्टर के बारे में है। स्पीकर सर, दीन बन्धू सर छोटू राम पावर प्लांट सितम्बर, 2004 में 2338 करोड़ रुपये की लागत से बना था। स्पीकर सर, इस प्लांट को रिलायंस कम्पनी द्वारा तैयार किया जाना था लेकिन सरकार की कमी की वजह से उसे किसी दूसरी कम्पनी को दे दिया गया। स्पीकर सर, फिर अगस्त, 2005 में उसके दोबारा से टैण्डर किये गये। उस समय उसकी लागत 25.80 करोड़ रुपये ज्यादा आई। स्पीकर सर, इसके अलावा 30 करोड़ रुपये उसकी जमीन के लिए अधिक देने पड़े और 32.25 करोड़ रुपये ब्याज के रूप में भुगतान करने पड़े। इस प्रकार से ये टोटल 163.80 करोड़ रुपये अधिक लगे। स्पीकर सर, इसी प्रकार से जब 14 अप्रैल, 2008 में यूनिट नम्बर-II के बॉयलर को लाईट-अप किया गया तो 24.2.2008 तक उसमें फ्यूल कंजम्पशन 571 मिली लीटर थी और 31 मार्च, 2009 तक की फ्यूल कंजम्पशन 681 मिली लीटर थी। स्पीकर सर, एस०ई०आर०सी० की रिपोर्ट के अनुसार इस बढ़ी हुई फ्यूल कंजम्पशन के कारण इसमें 47.99 करोड़ रुपये अधिक का तेल लगा। स्पीकर सर, इसके अलावा मैं एक बात यह कहना चाहूंगा कि जो हमारे पावर प्लांट्स के लिए कोयला आता है वह डी-ग्रेड का आना चाहिए जबकि आज हमारे पूरे हरियाणा प्रदेश में एफ-ग्रेड का कोयला आता है। स्पीकर सर, इस एफ-ग्रेड के कोयले में स्टोन की मात्रा ज्यादा होती है जिसकी वजह से जो कोयला मिल्ज इस कोयले को ग्राईंड करते हैं वे खराब हो जाते हैं। इसके अलावा इससे हमारी फ्यूल कंजम्पशन भी बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। स्पीकर सर, इसी प्रकार से हमारे पानीपत थर्मल पावर प्लांट का जो यूनिट नम्बर-III है जो कि 110 मैगावाट कैपेसिटी का है वह 29 दिसम्बर को बंद हुआ। स्पीकर सर, उसके टर्बाइन जैनरेटर

[श्री कृष्ण लाल पंवार]

में जो सात बैरिंग होते हैं उनमें से जो पांच नम्बर का बैरिंग होता है उसकी 14-15 सितम्बर को बी०एच०सी०एल० द्वारा रिपेयर की गई थी। स्पीकर सर, इन बैरिंग्स का टैम्परेचर 40-42 डिग्री सैल्सियस से ज्यादा नहीं होना चाहिए लेकिन करोड़ों रुपये खर्च करके रिपेयर करवाने के बावजूद भी उनका टैम्परेचर 92 डिग्री सैल्सियस था जिस वजह से उसका व्हाईट कार्क पिघलकर सभी बैरिंग्ज में एंट्री कर गया जिससे सात के सात बैरिंग्ज चोक हो गये। इस सबका परिणाम यह हुआ कि हमारी टर्बाइन के साथ-साथ हमारा जैनरेटर भी चोक हो गया। इसके बावजूद भी हमारे सारे पम्प चलते रहे। इसके बाद सरकार की तरफ से एक कमेटी बनाई गई। वह कमेटी वहां जाकर सर्वे करके आई। सर्वे कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार 80 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। एक इंजीनियर को बलि का बकरा बना कर चार्जशीट कर दिया गया जबकि कसूर कंपनी का था। इसके अलावा फिर 2 जनवरी को थर्मल प्लांट का जो एक नम्बर यूनिट था उसमें जो फिल्टर होते हैं उनको क्लीन करने के लिए स्टैंडबाई लगा होता है। जब उसको ऑप्रेट किया गया तो वह स्टैंडबाई नहीं हुआ और चौक हो गया जिसकी वजह से टर्बाइन तथा जनरेटर वगैरह सब बंद पड़ी हैं। इसके अलावा जो कोयला है उसकी भी कमी है। पानीपत थर्मल प्लांट में एक साल में 75 लाख मीट्रिक टन की कंजम्पशन है लेकिन सर, हमें सिर्फ 66 लाख मीट्रिक टन कोयला ही मिल पाता है। उस हिसाब से एक महीने में 180 रैक्स आने चाहिएं लेकिन वहां पर 140 से 150 रैक्स ही उपलब्ध हो रहे हैं। इसके अलावा जो यूनिट नम्बर 2 है जो 1997 में 110 मैगावाट की यूनिट थी उसको 118 मैगावाट करने के लिए 350 करोड़ रुपये में जर्मन की ए०बी०वी० कम्पनी को ठेका दिया गया 1997 से लेकर 24 जुलाई, 1999 तक जब चौधरी ओमप्रकाश चौटाला जी ने शपथ ली तब तक वह प्लांट बंद रहा। इन्होंने आने के बाद उसको केवल 60 करोड़ रुपये में चालू किया है।

**श्री अध्यक्ष :** ठीक है, अब आप बैठिये।

**श्री कृष्ण लाल पंवार :** सर, थोड़ा समय और दीजिए, मैं अपनी बात जल्दी से कह लेता हूं। सरकार की तरफ से बजट में ब्यान आया कि 2001 से 2005 तक चौ० ओमप्रकाश चौटाला की सरकार में 704.4 मैगावाट बिजली का उत्पादन हुआ। अध्यक्ष महोदय, यह बात सच नहीं है। पानीपत की 210 मैगावाट की छठी यूनिट, 250 मैगावाट की 7वीं यूनिट और 250 मैगावाट की 8वीं यूनिट को चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के समय में ही चलाया गया।

**डॉ० हरिचन्द मिड्ढा (जीन्द) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके दरबार में पहली दफा आया हूं। लेकिन कुछ इन्साफ नहीं मिला। बेआबरू होकर जा रहा हूं, आंसू बहा कर जा रहा हूं। मेरे हलके के 22 गांव पानी के लिए तरस रहे हैं और सिर्फ 2 गांवों को पानी मिला है। मैं ज्यादा न कहते हुए सिर्फ यही कहूंगा कि आपको इन्साफ की कुर्सी पर देख कर अति प्रसन्नता हुई और बड़ी इन्साफ की उम्मीदें थी। इधर दो बातें होती हैं उधर दस बातें होती हैं। हमें कोई गम नहीं। बेआबरू होकर आपके दरबार से जा रहे हैं।

**हरी पगड़ी वाले तेरी शान निराली है,**<br>
**अब चंद दिनों में तेरी सरकार आने वाली है।**

**कर्नल रघबीर सिंह (बाढ़ड़ा) :** अध्यक्ष महोदय, हाउस में पॉवर के बारे में बहुत बातें हुई हैं। यह बात आप भी मानते हैं और सदन भी मानता है कि चाहे वह इंडस्ट्रीज हो, चाहे एग्रीकल्चर हो, चाहे कोई और विकास का काम हो, हर चीज पॉवर से जुड़ी हुई है। जैसा बताया गया है कि सरकार एक नई स्कीम एच०वी०डी०एस० (High Voltage Distribution System) लाने जा रही है। इसके बारे में मैं सदन को बताना चाहूंगा कि इसको लागू करने से पहले सरकार यदि दिल्ली सरकार से इसकी रिपोर्ट मंगवा ले तो बहुत अच्छा होगा। मेरी जानकारी के मुताबिक दिल्ली में एच०वी०डी०एस० को चालू किया था और वहां पर यह स्कीम फेल हो चुकी है। अध्यक्ष महोदय, एच०वी०डी०एस० स्कीम के तहत इन्होंने लूना माजरा में ट्रायल बेसिज पर 255 ट्रांसफार्मर लगाये हैं जिन पर 3 करोड़ 61 लाख रुपये का खर्चा आया है। इस बारे में मेरी सूचना के मुताबिक उस एरिया में पहले लाईन लॉस 61 परसैंट था लेकिन अब ये 255 ट्रांसफार्मर लगने के बाद वहां पर 72 परसैंट लाईन लॉस हो गया है। एक तरह से यह स्कीम फेल होने जा रही है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करूँगा कि इस बारे में पुनर्विचार करें। अध्यक्ष महोदय, मैं आपको यह बताना चाहूँगा कि पॉवर के बारे में माननीय सदस्य श्री सम्पत सिंह जी का 19 फरवरी, 2010 के ट्रिब्यून अखबार में एक ब्यान छपा था कि हरियाणा का जो पॉवर डिपार्टमैंट 2008-2009 में इसका कर्जा 5198 करोड़ रुपये था, 2009-2010 में कर्ज बढ़ कर 10686 करोड़ रुपये हो गया और 2010-2011 में बढ़ कर यह 18458 करोड़ रुपये हो जायेगा। साथ में यह भी लिखा हुआ था कि यह विभाग टूटने के कगार पर है। इसलिए मैं सरकार से यह कहना चाहता हूँ कि सरकार इस विभाग को टूटने से बचाने का काम करे न कि नये-नये ट्रायल करे। अध्यक्ष महोदय, मैं यह भी बताना चाहूँगा कि मेरी सूचना के मुताबिक उत्तर हरियाणा का कर्ज 7500 करोड़ रुपये है और दक्षिण हरियाणा का 3500 करोड़ रुपये है। इसी प्रकार से जो एक्यूमुलेटिड लॉस है वह उत्तर हरियाणा में 2758 करोड़ और दक्षिण हरियाणा में 1261 करोड़ चल रहा है। इस साल का जो लॉस होने जा रहा है वह उत्तर हरियाणा का 1218 करोड़ का है और दक्षिण हरियाणा का 265 करोड़ का है। अध्यक्ष महोदय, एच.वी.डी.एस. के तीन सर्कल के लिए ठेके दिए हैं और मेरी इन्फर्मेशन के मुताबिक 1295 करोड़ रुपये के ठेके दिए हैं और ये 16 सर्कल के ठेके दिए हैं अभी 13 सर्कल और बाकी रह गए हैं। सर, यह सरकार करोड़ों करोड़ रुपये का खर्चा करने जा रही है जबकि बी.सी.एस. के अन्दर एच.वी.डी.एस. फेल हो चुका है। इसलिए मैं सरकार से निवेदन करना चाहूँगा कि इस बारे में पुनः विचार करें। स्पीकर सर, इस पर करोड़ों करोड़ रुपये खर्च करने की बजाए मैं इस सरकार को सुजैशन देना चाहूँगा आज जो 40 साल पुरानी तारें हैं उनको बदलने का काम करें। आज एच.वी.डी.एस. के ट्रायल की बजाए जो पुरानी तारें हैं वे टूट-टूट कर गांव वालों पर गिर रही हैं, मनुष्यों और पशुओं पर गिर रही हैं। इससे बहुत ही जान-माल का नुकसान हो रहा है। स्पीकर सर, यही नहीं आज बिजली का सुधार करने की जरूरत है। स्पीकर सर, मैं ज्यादा न बोलते हुए अपने क्षेत्र बाढड़ा के बारे में कहना चाहता हूँ कि वहां पर कोई कॉलेज नहीं है। मेरी सरकार से गुजारिश है और इन्होंने एजूकेशन के बारे में बहुत सी बातें कहीं हैं। उनको ध्यान में रखते हुए मेरे हल्के में कॉलेज खोला जाए। मेरे बुजुर्गों और माननीय साथियो मेरे हल्के के 10-12 गांवों में पीने के पानी की बहुत किल्लत है।

[कर्नल रघबीर सिंह]
मेरा मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि वहां पर पानी लाया जाए।

**श्री अनिल विज (अम्बाला छावनी) :** स्पीकर सर, आपने मुझे मांगों पर बोलने के लिए समय दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ। मैं मांग संख्या 1, 3, 17, 27, 36 और 41 पर बोलना चाहता हूँ। अध्यक्ष महोदय, यह जो मांग संख्या 1 विधान सभा के बारे में है इसमें विधान सभा के लिए 24 करोड़ 54 लाख 13 हजार रुपये रखे गए हैं। मेरा कहना है कि इसमें 180 करोड़ रुपये और जोड़ दिए जाएं ताकि 2 करोड़ रुपये प्रत्येक एम०एल०ए० को क्षेत्र विकास निधि के तौर पर दिए जा सकें। सर, सारे हिन्दुस्तान में हरियाणा ही एकमात्र ऐसा प्रदेश है जहां पर विधायक को क्षेत्र विकास निधि के तौर पर एक भी पैसा नहीं दिया जाता है। स्पीकर सर, अब मैं सामान्य प्रशासन के बारे में कहना चाहता हूँ। इसके लिए मैंने एक सवाल भी किया था कि हरियाणा में ह्यूमन राईट कमीशन की बहुत सख्त जरूरत है। आस पास के सभी क्षेत्रों में से केवल हरियाणा ऐसा राज्य है जहां पर ह्यूमन राईट कमीशन नहीं बना हुआ है, जबकि यहां पर ह्यूमन राईट वायलेशन की सबसे ज्यादा अधिकता है। जिस प्रदेश में एक महिला को अपनी रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए डी०जी०पी० के दफ्तर के बाहर आकर आत्मदाह करना पड़े, जिस प्रदेश में एक बलात्कार की शिकार महिला को यमुनानगर पुलिस स्टेशन में अपनी रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए अपने कपड़े फाड़ने पड़ें, उस प्रदेश में सबसे ज्यादा ह्यूमन राईट कमीशन की जरूरत है। (विघ्न) स्पीकर सर, सरकार ने मेरे सवाल के जवाब में कहा कि यहां पर इसकी आवश्यकता नहीं है। स्पीकर सर, मेरा कहना है कि ह्यूमन राईट कमीशन हरियाणा में बनाया जाए। स्पीकर सर, तमाम जो ह्यूमन राईट एसोसिएशंज हैं, चाहे वे एशिया की हैं, यू०एन० की हैं, वे सब इनके बारे में प्वायंट आऊट कर रहे हैं कि हरियाणा जहां पर Police is known as the most notorious police of the country. वहां पर ह्यूमन राईट कमीशन की बात की जाए। उसी प्रकार से स्थानीय प्रशासन के बारे में कहा गया है। इसमें सरकार द्वारा वैट भी लगाया जा रहा है और कहा जा रहा है कि उनको पैसे भी दिए जाएंगे। स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से सदन में बताना चाहूँगा कि आज स्थानीय प्रशासन की स्थिति क्या है। मेरे अपने अम्बाला कैंट में पिछले 7 महीने से न तो ई०ओ० है और न ही सैक्रेटरी था। सर, सैक्रेटरी तो अभी लगाया है। सर, वहां पर कोई भी काम प्रोपर ढंग से नहीं चल रहा है। आज हमें इस तरफ ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि हम इसको सही ढंग से चला सकें। स्पीकर सर, रोजगार के लिए सरकार ने बहुत अच्छी स्कीम के बारे में कहा है कि हम इनका हर साल एग्जाम करवाया करेंगे। लेकिन स्पीकर सर, रोजगार तो है नहीं। स्पीकर सर, मैं एक छोटी सी कहानी सुनाना चाहता हूँ। एक बार एक मियां-बीबी लड़ रहे थे। मां कह रही थी कि बच्चे का नाम रामू रखेंगे और पिता कह रहा था कि लड़के का नाम शामू रखेंगे। सारा मोहल्ला इक्ट्ठा हो गया। मोहल्ले में एक बुजुर्ग था और उसने उनसे पूछा कि आप लोग क्यों लड़ते हो, बच्चे से ही पूछ लेते हैं कि क्या नाम रखना है। उसने कहा कि बच्चा है कहां, बच्चा तो दस महीने बाद आएगा। अध्यक्ष महोदय, नौकरियां तो है नहीं इसलिए ये वैसे ही काम बढ़ाए जा रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, एम्प्लामैंट एक्सचेंज खोलने के बारे में मेरा प्रश्न आज भी लगा हुआ था। मैं आपको बताना चाहूँगा कि अम्बाला कैंट की एम्प्लायमैंट एक्सचेंज पिछले पांच-सात सालों

Haryana Vidhan Sabha Secretariat LIBRARY

से अम्बाला सिटी में काम कर रही है। अम्बाला कैंट में एक भी एम्प्लायमैंट एक्सचेंज नहीं है जबकि अम्बाला सिटी में दो एम्प्लायमैंट एक्सचेंज काम कर रही हैं। स्पीकर सर, अम्बाला कैंट की एम्प्लायमैंट एक्सचेंज भी अम्बाला सिटी में काम कर रही है और अम्बाला सिटी की एम्प्लायमैंट एक्सचेंज भी वहीं पर काम कर रही है। वह एम्प्लायमैंट एक्सचेंज कुछ भूमाफियाओं के प्रभाव के तहत वहां से हटायी गयी है क्योंकि जहां पर एम्प्लायमैंट एक्सचेंज काम कर रही थी उस भूमि को भूमि माफिया हड़पना चाहते हैं। वह जमीन लगभग 200 करोड़ रुपये की है। अंग्रेजों ने वह जमीन अमरीका की एक क्रिश्चयन संस्था को दी थी। ऐसा बताया जाता है कि वह संस्था तो अब खत्म हो चुकी है इसलिए मेरा कहना यह है कि अगर वह संस्था खत्म हो चुकी है तो वह जमीन हरियाणा सरकार की हो जाती है। कुछ प्रभावशाली लोग उस जमीन को कुछ निजी व्यक्तियों को देना चाहते हैं इसलिए झूठे आदमियों को खड़े करके उसकी रजिस्ट्रियां करवायी जाती हैं। मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस मामले की जांच सी०बी०आई० से करवायी जाए और जो दोषी लोग हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। अध्यक्ष महोदय, अब मैं बी०पी०एल० कार्डों के बारे में कहना चाहता हूँ। बहुत लोगों को इस बारे में चिंता है। मेरी एक बात समझ में नहीं आयी कि जब पहला सर्वे करवाया गया था तो उस समय जिनके नाम बी०पी०एल० कार्ड में थे दूसरा सर्वे होने के बाद उनके नाम उनमें से कैसे काट दिए गए ? सर, क्या वे लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए ? हमारे पास ऐसे लोग रोजाना आते हैं जो कहते हैं कि पुराने पीले बी०पी०एल० कार्ड में तो उनके नाम थे लेकिन नये बी०पी०एल० कार्ड की सूची में उनके नाम नहीं हैं। अध्यक्ष महोदय, उनके साथ बहुत ज्यादती हुई है। जो जायज लोग नहीं हैं उनके राशन कार्ड बना दिए गए हैं इसलिए मेरा अनुरोध है कि इस बारे में विचार किया जाए और जो नया सर्वे हुआ है उसमें उन लोगों के नाम भी शामिल किए जाएं जिनके नाम पहले बी०पी०एल० कार्ड की सूची में थे।

**श्री अध्यक्ष :** ठीक है विज साहब, आप अब बैठें। आप तो कल भी बोल लिए थे। अब जगदीश नैय्यर बोलेंगे।

**श्री जगदीश नैय्यर (अनुसूचित जाति, होडल) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने विधान सभा क्षेत्र की कुछ मांगे जो सिंचाई से संबंधित हैं, पीने के पानी से संबंधित हैं, रोजगार से संबंधित हैं, आपके संज्ञान में लाना चाहता हूँ। मेरे विधान सभा क्षेत्र होडल के अंदर कुछ गांव ऐसे हैं जिनमें पीने का पानी नहीं है। ये कहते आ रहे हैं कि हरियाणा नम्बर वन, हरियाणा नम्बर वन लेकिन मुझे यह कहते हुए खेद होता है कि हमारे यहां पर जो सिंचाई का सिस्टम है वह खराब हुआ पड़ा है। सौंद, बंचारी, डाडका, बुराका और लुहैना गांवों में खारा पानी है और आज तक सरकार वहां पर सही पानी का प्रबन्ध नहीं करवा पायी है इसकी वजह से वहां के किसान बहुत बेरहमी के साथ दुखी हैं और किसान पानी के लिए तरस रहे हैं। पानी की कमी के कारण उनकी फसल हर बार सूख कर खराब हो जाती है। मैं अनुरोध करना चाहूँगा कि मेरे विधान सभा क्षेत्र के अन्दर जो तीन चार रजवाहे हैं जैसे होडल का जो रजवाहा है उसमें हमने पिछले पांच साल से पानी नहीं देखा है, इसी तरह से हसनपुर का जो रजवाहा है उसमें भी पिछले पांच साल से पानी नहीं आया है। उजीना ड्रेन में भी पानी नहीं था। बंचारी गांव के लोग जब पानी की डिमांड करते हैं तो उनके खिलाफ 300 केस दर्ज कर दिए जाते हैं। मैं

[श्री जगदीश नैय्यर]
अनुरोध करना चाहता हूँ कि जिन बंचारी, डाडका, सौंद और बुराका गांवों में मीठा पानी नहीं है वहां पर पानी उपलब्ध करवाया जाए। अध्यक्ष महोदय, वहां पर टैंकरों के द्वारा आज भी पानी बेचा जा रहा है उस पानी को ही वहां के लोग खरीदकर पीते हैं। मैं अनुरोध करना चाहूँगा कि इन गांवों के अन्दर पीने का पानी उपलब्ध करवाया जाए और अतिशीघ्र मेरी इन मांगों को मंजूर किया जाए। इसी तरह से मैं बेरोजगारों की बात करना चाहूँगा। मैं भी युवा हूँ इसलिए मैं कहना चाहता हूँ कि वर्तमान सरकार ने वायदा किया था कि वह दस लाख लोगों को रोजगार देगी लेकिन हुड्डा साहब की सरकार जब से आयी है तब से मेरे क्षेत्र के अन्दर दस लोगों को भी नौकरियों पर नहीं लगा पाए हैं। मैं अनुरोध करना चाहूँगा कि सरकार द्वारा मेरे विधान सभा क्षेत्र की इस तरह से नैग्लैक्ट न किया जाए।

**मास्टर धर्मपाल ओबरा (लोहारू) :** आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपको अपने हल्के की भौगोलिक स्थिति के बारे में बताना चाहूँगा। मेरा लोहारू हल्का 90 हल्कों में सबसे लम्बा हल्का है। मेरे हल्के की 100-110 किलोमीटर लम्बाई है और इसकी चौड़ाई मात्र 15 किलोमीटर है। इस हल्के में दो उप मंडल हैं। तीन तहसीलें हैं जिनमें से दो तहसीलों में खारा पानी है, मेरे हल्के की नहरों में पानी नहीं आता इसलिए हल्के के लोग पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं। मैंने कई बार अधिकारियों को कह भी दिया है लेकिन उसके बावजूद भी नहरों में पानी नहीं आया। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अनुरोध करता हूँ कि मेरी समस्या की ओर जरूर ध्यान दिया जाए और पानी की विशेष व्यवस्था मेरे हल्के के लिए की जाए। तीन तहसीलों में से एक तहसील में मीठा पानी है और बाकी की दो तहसीलों में खारा पानी है। मेरे हल्के से जो रेलवे लाईन गुजर रही है वह बहुत ऊंची है। पहले वहां छोटी लाईन हुआ करती थी लेकिन अब बड़ी लाईन बना दी गई है। रेलवे ऊंचाई पर होने के कारण वहां से न तो ऊंट निकल पाते हैं, न कोई और जानवर निकल पाते हैं और न कुछ और जा सकता है। दूर-दूर तक कोई रेलवे फाटक भी नहीं है जिससे कि फाटक पार करके लोग निकल जाएं और अपने पशुओं आदि को भी ले जायें। मेरे हल्के के लोगों को 15-15 किलोमीटर दूरी तय करके फाटक से होकर जाना पड़ता है। मेरा अनुरोध है कि 5-5 किलोमीटर के दायरे में फाटक की सुविधा दी जाए और पुलों की सुविधा भी दी जाए......

**Mr. Speaker :** Question is—

That the Haryana Appropriation (No. 2) Bill be taken into consideration at once.

*The motion was carried.*

**Mr. Speaker :** Now, the House will consider the Bill clause by clause.

**Clause 2**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Clause 2 stands part of the Bill.

*The motion was carried.*

**Clause 3**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Clause 3 stands part of the Bill.

*The motion was carried.*

**Schedule**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Schedule be the Schedule of the Bill.

*The motion was carried.*

**Clause 1**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Clause 1 stands part of the Bill.

*The motion was carried.*

**Enacting Formula**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

*The motion was carried.*

**Title**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Title be the Title of the Bill.

*The motion was carried.*

**Mr. Speaker :** Now, the Finance Minister will move that the Bill be passed.

**Finance Minister (Capt. Ajay Singh Yadav) :** Sir, I beg to move—

That the Bill be passed.

**Mr. Speaker :** Motion moved—

That the Bill be passed.

**Mr. Speaker :** Question is —

That the Bill be passed.

*The motion was carried.*

## (iii) दि ईस्ट पंजाब वार अवार्ड (हरियाणा अमैंडमैन्ट) बिल, 2010

**Mr. Speaker :** Now, the Parliamentary Affairs Minister will introduce the East Punjab War Awards (Haryana Amendment) Bill, 2010 and will also move the motion for its consideration.

**P.W.D. (B&R) Minister (Shri Randeep Singh Surjewala) :** Sir, I beg to introduce the East Punjab War Awards (Haryana Amendment) Bill, 2010.

Sir, I also beg to move—

That the East Punjab War Awards (Haryana Amendment) Bill be taken into consideration at once.

**Mr. Speaker :** Motion moved—

That the East Punjab War Awards (Haryana Amendment) Bill be taken into consideration at once.

**Mr. Speaker :** Question is—

That the East Punjab War Awards (Haryana Amendment) Bill be taken into consideration at once.

*The motion was carried.*

**Mr. Speaker :** Now, the House will consider the Bill clause by clause.

**Clause 2**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Clause 2 stands part of the Bill.

*The motion was carried.*

**Clause 1**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Clause 1 stands part of the Bill.

*The motion was carried.*

**Enacting Formula**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

*The motion was carried.*

**Title**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Title be the Title of the Bill.

*The motion was carried.*

**Mr. Speaker :** Now, the Parliamentary Affairs Minister will move that the Bill be passed.

**P.W.D. (B&R) Minister (Shri Randeep Singh Surjewala) :** Sir, I beg to move—

That the Bill be passed.

**Mr. Speaker :** Motion moved—

That the Bill be passed.

**Mr. Speaker :** Question is —

That the Bill be passed.

*The motion was carried.*

---

## (iv) दि पंजाब शिडयुल्ड रोडज एंड कंट्रोल्ड एरियाज रिस्ट्रिक्शन ऑफ अनरैगुलेटेड डिवैल्पमैंट (हरियाणा अमैंडमैन्ट) बिल, 2010

**Mr. Speaker :** Now, the Parliamentary Affairs Minister will introduce the Punjab Scheduled Roads and Controlled Areas Restriction of Unregulated Development (Haryana Amendment) Bill, 2010 and will also move the motion for its consideration.

**P.W.D. (B&R) Minister (Shri Randeep Singh Surjewala) :** Sir, I beg to introduce the Punjab Scheduled Roads and Controlled Areas Restriction of Unregulated Development (Haryana Amendment) Bill, 2010.

Sir, I also beg to move—

That the Punjab Scheduled Roads and Controlled Areas Restriction of Unregulated Development (Haryana Amendment) Bill be taken into consideration at once.

**Mr. Speaker :** Motion moved—

That the Punjab Scheduled Roads and Controlled Areas Restriction of Unregulated Development (Haryana Amendment) Bill be taken into consideration at once.

**Mr. Speaker :** Question is—

That the Punjab Scheduled Roads and Controlled Areas Restriction of Unregulated Development (Haryana Amendment) Bill be taken into consideration at once.

*The motion was carried.*

**Mr. Speaker :** Now, the House will consider the Bill clause by clause.

**Clause 2**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Clause 2 stands part of the Bill.

*The motion was carried.*

**Clause 1**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Clause 1 stands part of the Bill.

*The motion was carried.*

**Enacting Formula**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

*The motion was carried.*

**Title**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Title be the Title of the Bill.

*The motion was carried.*

**Mr. Speaker :** Now, the Parliamentary Affairs Minister will move that the Bill be passed.

**P.W.D. (B&R) Minister (Shri Randeep Singh Surjewala) :** Sir, I beg to move—

That the Bill be passed.

**Mr. Speaker :** Motion moved—

That the Bill be passed.

**Mr. Speaker :** Question is —

That the Bill be passed.

*The motion was carried.*

## (v) दि हरियाणा फिस्कल रिस्पोंसिबिलिटी एण्ड बजट मैनेजमैंट (अमैंडमैन्ट) बिल, 2010

**Mr. Speaker :** Now, the Finance Minister will introduce the Haryana Fiscal Responsibility and Budget Management (Amendment) Bill, 2010 and will also move the motion for its consideration.

**Finance Minister (Capt. Ajay Singh Yadav) :** Sir, I beg to introduce the Haryana Fiscal Responsibility and Budget Management (Amendment) Bill, 2010.

Sir, I also beg to move—

> That Haryana Fiscal Responsibility and Budget Management (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

**Mr. Speaker :** Motion moved—

> That Haryana Fiscal Responsibility and Budget Management (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

**Mr. Speaker :** Question is—

> That Haryana Fiscal Responsibility and Budget Management (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

*The motion was carried.*

**Mr. Speaker :** Now, the House will consider the Bill Clause by Clause.

**Sub-Clause (2) of Clause 1**

**Mr. Speaker :** Question is—

> That Sub-Clause (2) of Clause 1 stands part of the Bill.

*The motion was carried.*

**Clause 2**

**Mr. Speaker :** Question is—

> That Clause 2 stands part of the Bill.

*The motion was carried.*

**Sub-Clause (1) of Clause 1**

**Mr. Speaker :** Question is—

> That Sub-Clause (1) of Clause 1 stands part of the Bill.

*The motion was carried.*

**Enacting Formula**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

*The motion was carried.*

**Title**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Title be the Title of the Bill.

*The motion was carried.*

12.00 बजे **Mr. Speaker :** Now, the Finance Minister will move that the Bill be passed.

**Finance Minister (Capt. Ajay Singh Yadav) :** Sir, I beg to move—

That the Bill be passed.

**Mr. Speaker :** Motion moved—

That the Bill be passed.

**Mr. Speaker :** Question is —

That the Bill be passed.

*The motion was carried.*

---

## (vi) दि हरियाणा स्पेशल इकोनोमिक जोन (अमैंडमैन्ट) बिल, 2010

**Mr. Speaker :** Now, the Industries Minister will introduce the Haryana Special Economic Zone (Amendment) Bill, 2010 and will also move the motion for its consideration.

**Power Minister (Shri Mahendra Pratap Singh) :** Sir, I beg to introduce the Haryana Special Economic Zone (Amendment) Bill, 2010.

Sir, I also beg to move—

That the Haryana Special Economic Zone (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

**Mr. Speaker :** Motion moved—

That the Haryana Special Economic Zone (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

**श्री ओम प्रकाश चौटाला (उचाना कलां) :** अध्यक्ष महोदय, इस बिल की अमैंडमैंट के पीछे सरकार की क्या मंशा है यह बात इसमें स्पष्ट नहीं की गई है। जैसा परसों हमारे साथी श्री अशोक कुमार जी ने बताया था कि शायद सरकार रिलांयस कम्पनी के हाथों पूरे हरियाणा प्रदेश को देने जा रही है। स्टैम्प ड्यूटी की वजह से लगभग 70 करोड़ रुपये का लाभ देने की कोशिश की जा रही है। ये भ्रांतियां निरंतर अखबारों में छप रही हैं। अध्यक्ष महोदय, भास्कर बिजनैस 6.3.2010 की रिपोर्ट मैं आपके सामने प्रस्तुत करता हूँ "रिलांयस इंडस्ट्रीज के एस०ई०जैड० को फायदा पहुंचाने के लिए हरियाणा सरकार एक बार फिर नरम पड़ रही है। सरकार इसके लिए विधान सभा के चालू बजट सत्र में हरियाणा एस०ई०जैड० एक्ट, 2005 में संशोधन करने जा रही है। इस संशोधन में रिलांयस इंडस्ट्रीज के लिए छोटे आकार के एस०ई०जैड० बनाने का रास्ता साफ हो जाएगा। संशोधन के तहत एस०ई०जैड० के लिए खरीदी गई जमीन पर अदा की गई स्टाम्प ड्यूटी भी रिफंड करने का प्रावधान किया जा रहा है।"

**लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला) :** अध्यक्ष महोदय, कल हम भी इस तरह से एक न्यूज आइटम पढ़ रहे थे तो आपने कहा था "You cannot read news items like this. You can only refer to this." अध्यक्ष महोदय, आपकी कल की यह रूलिंग है।

**श्री अध्यक्ष :** चौटाला साहब, आपको तो सारी बातें जबानी याद होंगी। आप इसको छोड़कर ऐसे ही बता दो।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, मेरी बात पर आप आपत्ति उठाते इसलिए मैं यह पेपर लेकर आया हूँ।

**श्री अध्यक्ष :** कल मैंने उनके द्वारा भी अखबार की बात उठाने पर आपत्ति उठाई थी।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, एस०ई०जैड० के नाम पर इन्हें 25 हजार एकड़ भूमि दी गई थी और उसके लिए लगभग 1386 एकड़ भूमि सबसे पहले एच०एस०आई०आई०डी०सी० ने इसको दे दी थी। इस मामले में अभी इनको एक और प्रिवीलेज लाने का मौका मिल जाएगा। वह जमीन जो लगभग 1386 प्वायंट कुछ एकड़ थी लगभग 370 करोड़ रुपये की वह जमीन बनती थी। मैंने जैसे पहले भी कहा था और फिर दोहरा रहा हूँ कि उसके साथ लगती 4 एकड़ जमीन एच०एस०आई० आई०डी०सी० ने ओपन ऑक्शन में नीलाम की थी और वह जमीन 290 करोड़ रुपये में बिकी थी। इसमें लाखों करोड़ों रुपये का घोटाला हुआ है।

**राव धर्मपाल (बादशाहपुर) :** अध्यक्ष महोदय, क्या चौधरी साहब बताएंगे कि ये 4 एकड़ जमीन कौन सी थी जिसके बारे में ये बार-बार जिक्र कर रहे हैं कि 4 एकड़ जमीन इतने करोड़ में बिकी।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, मौका आएगा ते मैं बता दूंगा। वैसे इनको ज्यादा जरूरी है तो मैं इनको बता देना चाहता हूँ। यह जमीन कई गांवों की ली गई थी। अध्यक्ष महोदय, कल भी इनके द्वारा आपत्ति की गई जब मैंने यह कहा था कि हमारी सरकार के समय में लगभग 20 लाख रुपये से अधिक कम्पनसेशन दिया गया था तब इन्होंने कहा था कि नहीं 3-3 लाख रुपये प्रति एकड़ दिया गया था। गुड़गांव के गांव सिकंदरपुर घोसी, सरहोल, डूंडाहेड़ा व सुखराली की जमीन अधिग्रहण की गई। यह जमीन सैक्टर 24, 25, 25 ए और 28 में पड़ती है। गुड़गांव के कमीशनर ने इसका मुआवजा 22.1.2004 को घोषित किया था जिसकी कीमत पहले 20 लाख रुपये प्रति एकड़ किसानों को दी गई थी। 30 परसैंट सोलेशियम और ब्याज आदि लगाकर 29 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से किसानों को मुआवजा दिया गया। उस समय जिसकी जमीन अधिग्रहण की जाती थी उसको एक प्लाट भी दिया जाता था। हमारी सरकार के समय में ऐसा प्लाट दिया जाता था। अगर किसी को 500 गज का प्लाट मिले तो आज के रेट के मुताबिक करोड़ों रुपये का प्लाट वह होता है। कांग्रेस की सरकार में स्वर्गीय संजय गांधी की कार फैक्ट्री के लिए सरहोल, डूंडाहेड़ा और बालाहेड़ा गांव की जमीन को लगभग 10 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से अधिग्रहण किया गया था। आज उस जमीन की कितनी कीमत है? (शोर एवं व्यवधान)

**श्री अध्यक्ष :** चौटाला जी, आप किस समय की बात कर रहे हैं? आप बहुत पुरानी बात कर रहे हैं।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, मैं ताजा बात बता रहा हूँ। मैं वर्ष 2004 की भी बात बता रहा हूँ। (विघ्न)

**Mr. Speaker :** Chautala Ji, that is not the issue. (Noise & Interruptions)

**Shri Randeep Singh Surjewala :** Speaker Sir, on a point of order. (Noise & Interruptions).

**श्री अध्यक्ष :** चौटाला साहब, आप बातों को मिंगल न करें। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, ये लोग कल कह रहे थे कि तीन लाख रुपये के हिसाब से अधिग्रहण हुई है। (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, यह तो रिकॉर्ड की बात है। इन गांवों की जमीन के नोटीफिकेशन हुए हैं। अध्यक्ष महोदय, इस सरकार ने तो इस पर भी......(शोर एवं व्यवधान)

**राव धर्मपाल :** अध्यक्ष महोदय, ये तो 35 साल पुरानी बात कर रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री दलबीर पाल शाह (पानीपत) :** स्पीकर सर, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है कि इनके राज में बोहली गांव की जमीन एक्वायर की गई थी जिसमें मेरी जमीन भी गई थी जिसका मुआवजा 5 हजार रुपये से लेकर 20 हजार रुपये तक अलग-अलग कैटेगरी के हिसाब से दिया गया था। यह कौन से सन की बात है यह तो मेरे ध्यान में नहीं है लेकिन मैं यह

कहना चाहता हूँ कि ये अपने आप में किसान के हितैषी तो बनते हैं और जो अब दोबारा जमीन रिफाइनरी के लिए एक्वायर हुई है (शोर एवं व्यवधान) मैं आपके राज की ही बात बता रहा हूँ। (शोर एवं व्यवधान)

**Mr. Speaker :** Let us not enter into controversy. (Noise & Interruptions) Let him finish.

**श्री बलबीर पाल शाह :** अध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा था कि अब जो जमीन एक्वायर हुई है वह 19 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से एक्वायर हुई है। (शोर एवं व्यवधान) यह क्या हिसाब-किताब है हमें यह समझ में नहीं आया। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, इस सरकार के अन्दर तो जिन जमीनों का लोगों ने कंपंसैशन ले लिया था और अवार्ड भी मुकर्रर हुआ था वे जमीनें भी रिलीज कर दी गई हैं। (शोर एवं व्यवधान)

**Shri Randeep Singh Surjewala :** Speaker Sir, SEZ Act is under consideration. The land acquisition debate is not going here. (Noise & Interruptions)

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, * * *

**Shri Randeep Singh Surjewala :** Speaker Sir, on a point of order. He may not cast aspersion on the Chair. These words must be expunged from the proceedings of the House. (Noise & Interruptions)

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, कुरुक्षेत्र में * * * (शोर एवं व्यवधान)

**Mr. Speaker :** Nothing is to be recorded. (Noise & Interruptions) चौटाला जी, आप रास्ता न बदलें। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, यह एस०ई०जैड० एक्ट के ऊपर डिबेट है न कि किसी व्यक्ति विशेष पर लांछण लगाने की डिबेट है। (शोर एवं व्यवधान) कोई भी मैंबर चेयर के ऊपर एसप्रर्सन कास्ट नहीं कर सकता। (शोर एवं व्यवधान) मेरा निवेदन है कि इन्होंने जो भी यह कहा है यह सब डिलिट करवाया जाये।

**श्री अध्यक्ष :** सुरजेवाला जी, यह नोट नहीं हो रहा। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार ने तो लोगों की सुविधा के लिए जमीन अधिग्रहण की थी जबकि इस सरकार ने सारे कानून कायदे ताक पर रख कर अधिग्रहण की गई जमीन कंपनीज के नाम पर रिलीज कर दी। ऐसा ही रिलायंस के मामले में हुआ है कि रिलायंस कंपनी को 25000 एकड़ जमीन देने की बात की गई थी। उसमें यह शर्त थी कि दूसरी जमीनें और खरीदेंगे। उन्होंने उस शर्त को पूरा नहीं किया था। उन जमीनों में शर्त के मुताबिक आज तक न तो कोई इण्डस्ट्री लगी है, न किसी को कोई

---

*चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

[श्री ओम प्रकाश चौटाला]
रोजगार मिला है और आज फिर उनको इस एक्ट के माध्यम से मुनाफा दिया जा रहा है। इस नई अमैंडमैंट के जरिये उनको करीबन 70 करोड़ रुपये का मुनाफा देने के बारे में सरकार सोच रही है। अध्यक्ष महोदय, सरकार किसानों की जमीनों को लूट रही है और बड़े औद्योगिक घरानों को इस प्रकार से फायदा दिया जा रहा है।

**Mr. Speaker :** Chautala ji, thank you very much. प्लीज, अब आप बैठें।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, मुझे लगता है कि माननीय ओम प्रकाश चौटाला जी अब सदन छोड़कर जायेंगे। इन्होंने एस०ई०जैड० एक्ट पर चर्चा करते हुए चेयर पर एसपर्सन कास्ट किए और कई दूसरी बातें भी कही हैं। मैंने इनको बीच में नहीं टोका और इनकी पूरी बात सुनी। इनकी बातें सुनने के बाद मैं दो बातें यहां बताना जरूरी समझता हूँ कि चौटाला जी की सरकार के समय में 29 जनवरी, 2003 को सैक्शन-4 गांव गढ़ी हरसरू और गुड़गांव के दूसरे एरिया के लिए 1779.04 एकड़ जमीन पर जारी किया था। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, इस तरीके से कैसे काम चलेगा। अभी मैं तो बोला ही नहीं हूँ। मुझे अपनी बात कहने के लिए समय दिया जाये। (शोर एवं व्यवधान)

**Shri Randeep Singh Surjewala :** Sir, you have now permitted me to speak. I heard him while he was speaking. (Noise & Interruptions)

**श्री अध्यक्ष :** चौटाला जी, क्या आप अभी बोले ही नहीं हो। आपका समय तो समाप्त हो गया है। (शोर एवं व्यवधान) आप गुड़गांव से चलकर कुरुक्षेत्र तक पहुंच गये थे और आप कह रहे हैं कि आप बोले ही नहीं। (शोर एवं व्यवधान) अब कौन सी जगह रह गई है?

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, ये राजस्थान और यू०पी० आदि कई जगहों पर जा आये इनको वहां से नकार दिया गया इसलिए यहां वापिस आ जाते हैं। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, ..... (शोर एवं व्यवधान)

**Mr. Speaker :** Chautala ji, I don't allow you. This is not the way. (Noise & Interruptions) चौटाला साहब, आपको यह गलतफहमी है। (शोर एवं व्यवधान) जितना मैं आपको सुन रहा हूँ उतना अभी तक किसी ने किसी को नहीं सुना होगा। (शोर एवं व्यवधान) आपके आठ सदस्य बोल चुके हैं। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** स्पीकर सर, श्री चौटाला जी अपने समय में पैंसिल से हाउस चलाया करते थे। अब ये अपने समय को भूल गये हैं। (शोर एवं व्यवधान) स्पीकर सर, 29 जनवरी, 2003 को चौटाला जी की सरकार ने 1779.04 एकड़ जमीन गढ़ी

हरसरू, जिला गुड़गांव में स्पैशल इकोनॉमिक जोन लगाने के लिए एक्वायर की थी। (शोर एवं व्यवधान) स्पीकर सर, उसके बाद 28 जनवरी, 2004 को दफा-6 के तहत फिर से चौटाला जी की सरकार ने 1715.2 एकड़ जमीन स्पैशल इकोनॉमिक जोन लगाने के लिए एक्वायर की। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री अध्यक्ष :** चौटाला जी, आप कृपा बैठ जाईए। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** स्पीकर सर, उसके बाद 27 जनवरी, 2006 को 1600 एकड़ जमीन का अवार्ड कांग्रेस की सरकार के समय में दिया गया। इसके बाद 10 प्रतिशत स्वैट इक्विटी लेकर रिलायंस इण्डस्ट्री और हरियाणा सरकार में एक लिखित समझौता हुआ जिस से रिलायंस हरियाणा स्पैशल इकोनॉमिक जोन नाम से एक नई कम्पनी बनाई गई। इसके बाद 16.12.2006 को जो 1383.68 एकड़ जमीन है वह रिलायंस हरियाणा स्पैशल इकोनॉमिक जोन को 28.90 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से यानि कि कुल लागत लगभग 399.88 करोड़ रुपये के हिसाब से दी गई। स्पीकर सर, चौटाला जी ने कहा कि 1500 एकड़ जमीन दी गई थी यह भी गलत है क्योंकि यह 1383.68 एकड़ जमीन थी। इसके साथ ही चौटाला जी ने बोलते हुए यह भी कहा कि यह जमीन 270 करोड़ रुपये या 290 करोड़ रुपये में दी गई यह भी गलत है। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री ओम प्रकाश चौटाला :** स्पीकर सर, मैंने 270 करोड़ रुपये या 290 करोड़ रुपये नहीं कहा है। मैं अब भी कह रहा हूँ कि यह जमीन 370 करोड़ रुपये में दी गई थी। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** स्पीकर सर, अगर ये यह कह रहे हैं कि यह जमीन 370 करोड़ रुपये में दी गई तो इसे भी हम मान लेते हैं। I stand correct it. जो ये कह रहे हैं कि यह जमीन 370 करोड़ रुपये में दी गई यह भी गलत है क्योंकि यह जमीन लगभग 400 करोड़ रुपये में दी गई थी। इसके अलावा इसमें एक और महत्वपूर्ण बात है जो श्री चौटाला जी ने कही है कि उस जमीन के साथ लगती जो लगभग चार एकड़ जमीन थी वह भी 290 करोड़ रुपये में दी गई। Speaker Sir, I am saying it on the floor of the House that not even a single inch of land out of this acquired land has ever been auctioned by HSIIDC. What he is saying is patently untrue. स्पीकर सर, ये यह असत्य बोल रहे हैं क्योंकि * * *

**श्री अशोक कुमार अरोड़ा (थानेसर) :** स्पीकर सर, जो मंत्री जी ने ये शब्द बोले हैं ये ठीक नहीं हैं इसलिए इन्हें सदन की कार्यवाही से निकलवाया जाये।

**Mr. Speaker :** That should be expunged. ठीक है अरोड़ा जी, ये शब्द सदन की कार्यवाही से निकलवा दिये गये हैं।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** स्पीकर सर, इसके अलावा श्री चौटाला जी ने 19440 वर्ग मीटर जगह की भी चर्चा की है। यह जमीन सैक्टर-2, इण्डस्ट्रियल टाऊनशिप, मानेसर

---

*चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

[श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला]

